संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 100 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



देशभर में ईद उल फित्र का त्यौहार पूरे अकीदत और ऐहतराम के साथ मनाया जा रहा है। तमाम ईदगाहों और छोटी-बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा की गई।


## आदर्श विचार



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, मैं फल जरूर दूंगा।"

-भागवद् गीता

## मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं। -विवेकानंद"

## तटरक्षक बल में महिलाओं को स्थायी कमीशन पर कोर्ट की सख्ती

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय तटरक्षक बल में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने का विरोध किया रहा है, जबकि सेना, वायुसेना और नौसेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन का लाभ मिल रहा है। इस टिप्पणी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर विचार करने का फैसला लेते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित याचिका को अपने पास स्थानांतरित कर लिया। सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सेना, वायुसेना और नौसेना की अन्य शाखाओं में समान रूप से नियुक्त महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों के आलोक में यह निर्देश दिया।

हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें उप कमांडेंट के रूप में सेवा जारी रखने की अंतरिम राहत से इन्कार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने बीते सोमवार को महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने का विरोध करने के लिए तटरक्षक बल को फटकार लगाई थी।

# कांग्रेस ने नौकरियों में भी लूट के मौके तलाशे: मोदी

= पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मोदी आराम करने के लिए नहीं पैदा हुआ है, मैं काम करने के लिए पैदा हुआ हूं

**मोदी की गारंटी**

**8 मोदी बोले, कांग्रेस ने पानी में पैसा कमाने का काम किया। बीजेपी ने उसे जवाबदेही मानकर पूरा किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**धौलपुर-करौली:** राजस्थान में लोकसभा चुनावों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को करौली-धौलपुर लोकसभा पहुंचे। बीजेपी ने यहां इंदू देवी जाटव को अपना प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि मैं गुजरात से आता हूं, पानी की दिक्कतों को भली भांति समझता हूं। हम हाथ जोड़कर बैठे नहीं रहते। मोदी बोले, कांग्रेस ने पानी में पैसा कमाने का काम किया। बीजेपी ने उसे जवाबदेही मानकर पूरा किया। मोदी ने कहा कि आने वाले सम में यहां घर-घर पानी पहुंचेगा, यह मोदी की गारंटी है। कांग्रेस ने नौकरियों में भी लूट के मौके तलाशे। कांग्रेस के राज में पेपर लीक इंडस्ट्री तैयार हो गई। मोदी ने गारंटी दी कि मोदी की सरकार आएगी तो पेपर लीक माफिया जेल जाएंगे। मोदी ने पूछा कि बताइए कि मोदी की गारंटी पूरी हो रही है कि नहीं। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मोदी आराम करने के लिए नहीं पैदा हुआ है। मैं काम करने के लिए पैदा हुआ हूं।

पीएम मोदी ने इंडी अलायंस पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग मोदी को कितनी गालियां दे दें, लेकिन जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है उन्हें जेल जाना ही पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने का कहा कि करौली-धौलपुर की यह धरती भक्ति और शक्ति की धरती है। यह उस बृज का क्षेत्र है, जहां की रज भी सर पर धारण करते हैं। यहां आपका यह आशीर्वाद देश के लिए बड़ा संदेश है। चार

## पीएम मोदी ने कई योजनाओं का किया जिक्र



**पीएम** मोदी ने किसान सम्मान निधि का जिक्र करते हुए कहा कि करौली-धौलपुर के सवा तीन लाख किसानों के खातों में 700 करोड़ रुपये से अधिक भेजे गए हैं। करौली में 80 हजार से ज्यादा किसानों को पशुओं के लिए डेढ़ लाख से ज्यादा टीके मुफ्त टीके उपलब्ध करवाए हैं। राजस्थान में मोटा अनाज होता है। पहले मोटा अनाज पैदा करने वाले किसानों को कोई पूछता नहीं था। हमने दुनिया को बताया कि हमारा मोटा अनाज सुपर फूड है। आज वही मोटा अनाज श्री अन्न के रूप में जाना जा रहा है। पिछले वर्ष अमेरिका में व्हाइट हाऊस में मुझे निमंत्रण मिला। वहां भोज में सब कुछ वेजिटेरियन था और वहां हमारा मोटा अनाज भी था।

इससे राजस्थान के किसानों को बहुत बड़ा लाभ होने जा रहा है। एनडीए सरकार की तमाम योजनाओं का जिक्र किया।

## मोदी ने देश बचाने का काम किया: सीएम भजनलाल

**सीएम** भजनलाल शर्मा ने कहा कि कोरोना की महामारी में पूरी दुनिया घबराई थी। लोग कहते थे कि इतना बड़ा जनसंख्या वाला देश भारत का क्या होगा? लेकिन प्रधानमंत्री ने हमारे देश को बचाने का काम तो किया, बल्कि दुनिया के 100 देशों को वैक्सीन देने का काम किया। रक्षा सौदों में हम विदेश पर निर्भर रहते थे। आज हम रक्षा सौदे में पूरा सामान बनाने का काम करते हैं और हमारे मित्र देशों की जरूरत भी पूरी हो रही है। अब शिक्षा और मेडिकल के क्षेत्र में भी हम आगे हैं। वंदे भारत 2019 में पहली बार शुरू की और आज सभी प्रदेश इससे जुड़ चुके हैं।

## बटन ऐसे दबाइए ताकि पापियों को मिले: मोदी

**मोदी** ने कहा कि आज मैं आपको कांग्रेस का महापाप बताता हूं, जो उन्होंने राजस्थान के सम्मान और पहचान के साथ खिलवाड़ किया था। कांग्रेस ने राजस्थान में तुष्टिकरण का खेल खेला। यह वह धरती है, जो मदन मोहन जी के विग्रह के लिए बलिदान देने के लिए तैयार हो गई। उसी धरती पर कांग्रेस मंदिरों को गिराने के लिए तैयार हो गई। यहां राम मंदिर की शोभायात्रा पर पत्थरबाजी हुई। जिस धौलपुर ने भव्य राममंदिर के लिए पत्थर भेजे। उसी राम मंदिर पर कांग्रेस के लोग कैसी-कैसी भाषा बोल रहे हैं। इनकी साथी पार्टी सनातन को नष्ट करने की बात करते हैं और कांग्रेस वाले मौन खड़े रहते हैं। इस बार जब 19 तारीख को वोट देने जाएं तो बटन ऐसे दबाइए ताकि पापियों को सजा देने संतोष मिले। पीएम ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा कि कश्मीर से 370 हट गया तो इसमें राजस्थान का क्या वास्ता।

## सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां देंगे: राहुल



**वादा**

**8 पीएसयू में ठेकेदारी प्रथा बंद होगी। सरकारी संस्थाओं में काम करने वालों को परमानेंट नौकरी दी जाएगी: राहुल**

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज कहा कि केंद्र में अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो हम तीस लाख सरकारी नौकरियां लोगों को देंगे। सरकार और पीएसयू में ठेकेदारी प्रथा बंद होगी। सरकारी संस्थाओं में काम करने वालों को परमानेंट नौकरी दी जाएगी। राजस्थान के अनूपगढ़ में गुरुवार को बीकानेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गोविंदराम मेघवाल के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए राहुल ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून लागू करेंगे। अगर नरेन्द्र मोदी उद्योगपतियों का कर्जा माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस किसानों का कर्जा माफ करके दिखाएगी। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की दो सौ सबसे बड़ी कंपनियों के मालिक और सीनियर मैनेजमेंट में पिछड़े वर्ग के लोग नहीं हैं। मोदी ने इन कंपनियों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ किए हैं।

हिंदुस्तान के 25-30 अमीर लोगों का इतना पैसा माफ कर दिया, जितना 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को मिलता। राहुल गांधी ने कहा कि जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, चुनाव जीतने के बाद हम गरीब, पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों को देंगे। लोग कहते हैं कि इससे आदत बिगड़ेगी लेकिन कोई यह बताए कि जब मोदी अमीरों के पैसे माफ करते हैं तो उनकी आदत नहीं बिगड़ती क्या? मेरे दिमाग में 16 लाख करोड़ का नंबर है, मैं उसे देखकर चल रहा हूं।

## 'हम देश के लिए खून बहाने को तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में सीएए, एनआरसी और समान नागरिक संहिता को लागू नहीं होने देंगी। ईद के मौके पर कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 'कुछ लोग चुनाव में दंगा कराने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको उनके झांसे में नहीं फंसना है।'



**'हम अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे':** ममता बनर्जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह खुशी की ईद है, ताकत देने वाली ईद है। ममता बनर्जी ने कहा कि 'कुछ लोग चाहते हैं कि इस चुनाव के दौरान एजेंसियों के नाम पर लोगों को डराया जाए। उनके पीछे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग आदि को लगा दो। मैं उनसे (भाजपा) कहूंगी कि वे जेल बनाएं और सभी को सलाखों के पीछे डाल दें। लेकिन क्या आप 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे? मैं देश के लिए रक्त बहाने को तैयार हूं, लेकिन यह अत्याचार जारी रहे, इसके लिए तैयार नहीं हूं।'

## घमंडिया गठबंधन की भाषा निचले स्तर पर पहुंची: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आईएनडीआई गठबंधन के नेता द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमले पर पलटवार करते हुए उनकी चुनावी भाषा को निचले स्तर का बताया। भाजपा मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि विपक्ष का प्रचार स्तर इतना नीचे गिर गया है कि वे 'मोदी जी मरेगा' की बात कर रहे हैं। लालू जी की बेटी और राजद की नेता मीसा जी ने कहा है कि मोदी जी को जेल भेजा जाएगा। देश सुनना चाहता है कि भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा या नहीं। विपक्ष का अभियान इस स्तर पर है कि कोई नेताओं को जेल भेजने की बात कर रहा है और कोई मौत की बात कर रहा है।

## महिला विरोधी है कांग्रेस की दुष्ट सोच: कंगना रनौट

**राज अग्रवाल**

**मनाली:** मनाली मॉल रोड़ पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौट का स्वागत किया। मनाली मॉल रोड से मनुरंगशाला तक आते हुए माता दुर्गा के मंदिर में माथा टेका। मनु रंगशाला के मंच से कांग्रेस को ललकारते हुए कंगना ने कहा कि जहां एक ओर नवरात्रों में छोटी छोटी कन्याओं का पूजन किया जा रहा है, नारी शक्ति को पूजा जा रहा है वहीं कांग्रेस की दुष्ट सोच मेरे ऊपर कीचड़ उछालने में लगी है। लोकसभा मंडी की भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौट ने कहा कि एक पप्पू दिल्ली में बैठा है जबकि दूसरा पप्पू हिमाचल में है जो कहता है कि कंगना गऊ मांस का सेवन करती है उसका प्रमाण दिखाए वो। कंगना ने बिना नाम लिए ही कहा कि कांग्रेस का छोटा पप्पू एक नंबर का पलटू है। उन्होंने कहा कि हिमाचल किसी की जागीर नहीं है जो मुझे यहां से बाहर फेंक दोगे। उन्होंने कहा कि मैंने बिना अपने मां बाप के नाम का सहारा लिए अपनी जमीन खुद बनाई है। कंगना ने कहा कि जब एक पुरुष प्रधान समाज में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा महिलाओं को आगे लाने की बात की जाती है तो कांग्रेस को मिर्ची क्यों लगती है। उन्होंने कहा कि मैं एक गरीब घर की बेटी हूं मैं चुनाव बार बार लड़ूंगी और बार बार जीतूंगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की रुढ़ीवादी सोच से हम बहुत आगे निकल आए हैं अब हमें आगे का सोचना है। आने वाले समय में हमारी बेटियां एक नए समाज का निर्माण करेंगी।



## स्कूल बस पलटी, छह बच्चों की मौत

हरियाणा के महेंद्रगढ़ में दर्दनाक हादसा: 15 घायल, राष्ट्रपति व पीएम मोदी ने जताया दुख

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़ (हरियाणा):** महेंद्रगढ़ के कनीना के गांव उन्हानी के पास स्कूल बस पलटने से भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में छह बच्चों की मौत हो गई और 15 गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.रामबिलास शर्मा कनीना स्कूल बस दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों का हाल-चाल जानने के लिए अस्पताल में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मृतक बच्चों के परिजनों को सांत्वना दी। जानकारी के अनुसार हादसे में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा के भांजे पूर्व सरपंच संजय शर्मा के पुत्र का भी निधन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर दुख जताते हुए कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने बच्चों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्कूल बस दुर्घटना में अनेक मासूम बच्चों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। ईश्वर शोक संतप्त माता-पिता एवं परिजनों को यह क्रूर आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। मैं घायल हुए बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने निजी अस्पताल में पहुंच कर 12 छात्रों का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने सीमा त्रिखा ने कहा कि निजी स्कूल संचालक व्यापार करना बंद करें। कहा कि निजी स्कूल संचालक को नियमों का पालन करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि ड्राइवर के साथ-साथ स्कूल के प्रिंसिपल व मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कहा कि ईद के अवकाश के दिन स्कूल खोलना गंभीर बात है। इसको लेकर प्रदेश के सभी शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई जाएगी।



### पूर्व सीएम मनोहर लाल ने हादसे पर जताया दुख

**पूर्व** सीएम मनोहर लाल ने कहा कि कनीना में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। जिसमें कुछ बच्चों की असामयिक मृत्यु होने और कुछ के घायल होने की सूचना है। मैं सभी शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

**हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने जताया दुख:** हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि महेंद्रगढ़ के कनीना में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण कुछ बच्चों की असामयिक मृत्यु होने और कुछ के घायल होने का समाचार अत्यंत दु:खद है।



# महेंद्रगढ़: स्कूल बस पलटी, छह बच्चों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़ (हरियाणा):** महेंद्रगढ़ के कनीना के गांव उन्हानी के पास स्कूल बस पलटने से भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में छह बच्चों की मौत हो गई और 15 गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा कनीना स्कूल बस दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों का हाल-चाल जानने के लिए अस्पताल में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मृतक बच्चों के परिजनों को सांत्वना दी। जानकारी के अनुसार हादसे में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा के भांजे पूर्व सरपंच संजय शर्मा के पुत्र का भी निधन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर दुख जताते हुए कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने बच्चों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्कूल बस दुर्घटना में अनेक मासूम बच्चों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। ईश्वर शोक संतप्त माता-पिता एवं परिजनों को यह क्रूर आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। मैं घायल हुए बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने निजी अस्पताल में पहुंच कर 12 छात्रों का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने सीमा त्रिखा ने कहा कि निजी स्कूल संचालक व्यापार करना बंद करें। कहा कि निजी स्कूल संचालक को नियमों का पालन करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि ड्राइवर के साथ-साथ स्कूल के प्रिंसिपल व मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।





उन्होंने कहा कहा कि ईद के अवकाश के दिन स्कूल खोलना गंभीर बात है। इसको लेकर प्रदेश के सभी शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई जाएगी।

हादसे को लेकर उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की तरफ से घायलों की हर संभव मदद की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की निगरानी में बेहतर उपचार हो रहा है। इस साथ ही डीसी ने स्कूल प्रशासन पर कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं, बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल की मान्यता को रद्द करने के लिए लिखा है। जीएलपी स्कूल कनीना की बस गांव सेहलंग, खेड़ी-तलवाना, खरकड़ा बास, धनौंदा रूट से करीब 43 बच्चों को बैठाया था। इसके बाद करीब 8:30 बजे जब गांव उन्हाणी के नजदीक स्थित महाविद्यालय के पास पहुंची तो मोड़ पर चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया और पेड़ से टकराने के बाद बस पलट गई। कुछ प्रत्यदर्शियों का कहना है कि बस चालक शराब के नशे में था। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई, इसी दौरान आसपास के लोगों एवं सड़क पर दोनों ओर से आ रहे वाहन चालकों ने मौके से बच्चों को बस से निकालकर अपने वाहनों में अस्पतालों में पहुंचाया। हादसे के बाद महज आधे घंटे में ही घटना स्थल पर 300 से अधिक लोग मदद को पहुंच गए। पुलिस ने गाड़ी चालक को मौके से ही हिरासत में ले लिया। बच्चों को कनीना के एक निजी तथा उप नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चार बच्चों को मृत घोषित कर दिया जबकि हादसे के महज एक घंटे बाद ही गंभीर रूप से घायल दो बच्चों ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद मौके पर ही चार बच्चों की मौत हो गई थी।

बस चालक धर्मेंद्र निवासी सेहलंग को मेडिकल के लिए नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि यक्षु, सत्यम व संदीप निवासी झाड़ली, वंश व दुष्यंत निवासी धनौंदा व युवराज की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल बच्चों को रेवाड़ी महेंद्रगढ़ में कनीना की निजी अस्पतालों में उपचार के लिए एडमिट कराया गया है।

**हादसे पर पूर्व सीएम दुष्यंत चौटाला ने जताया दुख:** पूर्व सीएम दुष्यंत चौटाला ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि महेंद्रगढ़ के उन्हानी गांव में स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त होने का दुःखद समाचार मिला है। जिसमें बच्चों के निधन और कुछ बच्चों के घायल होने की हृदय विदारक सूचना है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि मृतक बच्चों की आत्मा को शान्ति प्रदान करें और घायलों को जल्द स्वस्थ करें। भगवान से प्रार्थना है कि बच्चों के परिवार को ये अपार पीड़ा सहने की शक्ति दें।

**केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जताया दुख**
केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ में स्कूल बस का दुर्घटनाग्रस्त होना बेहद दुःखद है। मेरी संवेदनाएं मृतक बच्चों के शोक संतप्त परिजनों के साथ है। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। स्थानीय प्रशासन के द्वारा घायल बच्चों को सहायता पहुंचाई जा रही है।

उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। एक निजी स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से घायल हुए एक छात्र का कहना है कि ड्राइवर नशे में था और उसने स्पीड 120 कर रखी थी, जिससे संतुलन बिगड़ गया और ये बड़ा हादसा हो गया।

## सिरसा में भी कई निजी स्कूल की बसों की फिटनेस ठीक नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा:** स्कूल पैरेंट्स एसोसिएशन ने महेंद्रगढ़ में ईद की सरकारी छुट्टी वाले दिन गैर कानूनी रूप से स्कूल में बुलाए गए बच्चों की स्कूल जाते समय हादसे में मासूम बच्चों की हुई मौत पर शोक व्यक्त करते हुए इसको अभिववक-प्रशासन और स्कूल प्रबंधकों के लिए बड़ी चिंता का विषय बताया। एसोसिएशन के सदस्यों वरुण छाबड़ा, चिक्की मेहता, जोनी पाल सोनी, राजेश अरोड़ा, मनोज ईगल,दीपक गांधी आदि ने बताया कि सिरसा में भी अक्सर राजकीय अवकाश के दिन स्कूल खुले रहते हैं। आज ईद के दिन भी कई स्कूल खुले होंगे। महेंद्रगढ़ हादसे में स्कूल बस की फिटनेस और ड्राइवर के शराब पिये होने की बात सामने आई है, जोकि घोर निंदनीय है। स्कूल विद्या के मंदिर होते हैं और घर के बाद सबसे अधिक समय बच्चे स्कूलों में ही व्यतीत करते हैं। इसलिए सभी स्कूल संचालकों को बच्चों की सुरक्षा और सरकारी नियमों का पालन करना चाहिए।

सरकारी स्कूलों की नि:शुल्क शिक्षकों छोड़ कर हजारों रुपए मासिक फीस भर कर अभिवावक बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेजते हैं। फिर भी ऐसी छोटी-छोटी लापरवाही से बड़ा नुकसान हो जाता है। हालांकि अभिवावक हर तरह से स्कूल और जिला प्रशासन को सहयोग देने की लिए हर समय तैयार रहते हैं, लेकिन जिनकी जिम्मेदारी है उनको भी लापरवाही नहीं करनी चाहिए। सिरसा में भी पैरेंट्स एसोसिएशन पिछले कई समय से ऐसी बसों में ड्राइवर के साथ अटेंडेंट जरूरी करने, बसों में कैमरे लगवाने और बसों और अन्य साधनों की फिटनेस पर ध्यान देने के लिए स्कूल प्रबंधकों को अनुरोध करता आ रही है, लेकिन प्रशासन का कोई विशेष ध्यान अभी तक इस ओर जाता नजर नहीं आया है। सिरसा जिले में भी कई ऐसे निजी स्कूल हैं जिनकी बसों की फिटनेस ठीक नहीं है।

## स्कूल बस हादसे में मृतक बच्चों के अंतिम संस्कार में पहुंचीं शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नारनौल:** जिला के कनीना ब्लाक के गांव उन्हानी में गुरुवार सुबह निजी स्कूल बस के पलट जाने से 6 बच्चों की मौत हो गई। शाम को गमगीन माहौल में मृतक बच्चों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिसमें हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा सहित पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, अटेली के विधायक सीताराम यादव आदि शामिल हुए। बता दें कि गुरवार की सुबह स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इस बीच गांव उन्हानी के पास बस पलट गई। हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई, जबकि 15 से ज्यादा घायल हुए हैं। मृतकों में दो बच्चे गांव धानौंदा व चार बच्चे झाड़ली गांव से हैं। मृतकों में गांव धानौंदा से वंश (14) पुत्र दुष्यंत व रिकी (13) पुत्र रविन्द्र है, वहीं गांव झाड़ली से अंशु (17) पुत्र संदीप कुमार, यशु (14) पुत्र संदीप कुमार, युवराज (15) पुत्र संजय व सत्यम (17) पुत्र राकेश शर्मा हैं। कनीना के जीएलपी स्कूल की बस गुरुवार सुबह बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। गांव उन्हानी के पास स्कूल बस अचानक पलट गई। इस दौरान जोरदार धमाका हुआ और चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना पर लोग भी मौके पर इकट्ठे हो गए। ग्रामीणों ने बच्चों को बस से निकाला। इसके तुरंत बाद घटनास्थल पर पुलिस, दमकल की गाड़ी व क्रेन पहुंच गई। गंभीर घायलों को रेवाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया है। पूरा दिन घटनास्थल पर पुलिस और स्थानीय लोगों का जमावड़ा लगा रहा। हादसे की सूचना मिलते ही हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने रेवाड़ी के मातृका अस्पताल पहुंचकर बच्चों का हालचाल जाना। शिक्षा मंत्री ने बताया कि उनकी डॉक्टर से बात हुई है बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि आज अवकाश के दिन स्कूल खुलना और एक लापरवाह ड्राइवर के हाथ में 50 जिंदगी थमा देना सबसे बड़ी लापरवाही है।

## अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल:** पलवल में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। प्रशासन ने गुरुवार को सीमावर्ती राज्य उत्तर प्रदेश के सिविल और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण चुनाव कराने की योजना तैयार की। पलवल के चांदहट थाने में जिला डीएसपी दिनेश यादव के नेतृत्व में आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश के सिविल और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी नजर रखने को कहा असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया खबरें और भी हैं। बैठक में डीएसपी दिनेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सीमा पर चुनाव के समय अवैध शराब, हथियार समेत अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जाये, ताकि चुनाव बिना किसी बाथा के संपन्न हो सके। अधिकारियों ने सुझाव दिया कि हर स्तर पर सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान की सुविधा होनी चाहिए। जो चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं तथा जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड हो।

## विकास के लिए करें जेजेपी का समर्थन: नैना चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा:** बाढड़ा की विधायक नैना सिंह चौटाला ने गुरुवार को रानियां हलके के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया और ग्रामीणों को जेजेपी का समर्थन करने का आग्रह किया। इस दौरान गांव सुल्तानपुरिया, नानुआना, मंगालिया, महम्मदपुरिया, कुस्सर, मम्मड़, बणी, करीवाला, हारणी, नकौड़ा व रानियां शहर में आमजन से संपर्क साधते हुए विधायक नैना सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने सरकार में रहते हुए सभी वर्गों खासकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष तौर पर कदम उठाए। जेजेपी के कार्यों का ही परिणाम है कि आज पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण, आत्मनिर्भरता के लिए राशन डिपुओं में आरक्षण, शहर में कॉलेज आदि में पढ़ने, लाने और ले जाने के लिए बसों की निशुल्क सेवा, किसानों की फसल का उचित भाव दिलाने, प्राकृतिक आपदा से खराब हुई फसलों का मुआवजा दिलाने व युवाओं के लिए उचित रोजगार हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल की नीतियों व सिद्धांतों पर आधारित जेजेपी की सोच आरंभ से ही विकासपरक रही है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे संसदीय व आगामी विधानसभा चुनावों में जेजेपी उम्मीदवारों को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाकर लोकसभा व विधानसभा में भेजें, ताकि जनता व हरियाणा का विकास एक बार फिर सही मायने में सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर उनके साथ जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण कंबोज, पूर्व विधायक रमेश खटक, जेजेपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सर्वजीत सिंह मसीतां, युवा जेजेपी जिलाध्यक्ष रणदीप सिं मट्टदादू, राजेंद्र कसवां एडवोकेट, लक्की चौधरी, मंदीप बराड़, विजय सिंह, पूजा महला मौजूद रहे।



**अपील**
8 रानियां हलके के विभिन्न गांवों में साधा ग्रामीणों से संपर्क, अनेक को किया जेजेपी परिवार में शामिल

## पार्टी के उम्मीदवारों को विरोध करना ठीक नहीं: नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के विरोध करने वालों की निंदा की और कहा है कि लोकतांत्रिक उम्मीदवारों का विरोध करना उचित नहीं है। सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है।

नायब सैनी गुरुवार को तीसरे नवरात्र के दिन पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ हिस्सों से उम्मीदवारों का विरोध करने की खबरें आ रही हैं। यह सही नही है। उन्होंने कहा कि मतदाता के पास वोट का अधिकार है। इसका इस्तेमाल करके वह अपना समर्थन अथवा विरोध जता सकता है लेकिन गांवों में जाने से रोकना किसी भी सूरत में सही नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर विरोध करने वाले बेनकाब हो रहे हैं। किसानों की आड़ में विपक्षी भी इस काम में लगे हुए हैं। विपक्षी राजनीतिक दल आज पूरी तरह से बिखरे हुए हैं। विपक्षियों के पास भाजपा के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए इस तरह के प्रपंच रचे जा रहे हैं। किसानों के विरोध पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सभी किसान संगठनों से अपील करना चाहूंगा कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व है, इसमें इस किसी तरह का विरोध ठीक नही है। मुख्यमंत्री सैनी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि दोनों सरकारों ने लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए योजनाएं लागू की हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नवरात्र की बधाई देते हुए कहा कि नवरात्र में एक नई ऊर्जा का संचालन होता है। हमारी प्रकृति में नई ऊर्जा आती है, नई फसल भी आती है। नवरात्र हर व्यक्ति के जीवन में सुख समृद्धि लेकर आएं, मैं ये कामना करता हूं।

**अपील**
8 लोकतांत्रिक उम्मीदवारों का विरोध करना उचित नहीं है। सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है

## त्यौहार सभी के सांझें होते है: घनश्याम दास

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने गुरुवार को ईद उल फितर के पवित्र त्यौहार के अवसर पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के गांव शादीपुर, मंडी, पुराना हमीदा, गांव बुड़िया सहित बहुत से क्षेत्रों में जाकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की बधाई दी। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा साथ रहे।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को ईद मुबारक,ईद-उल-फितर का त्यौहार दान, भाईचारे और करुणा में हमारे विश्वास को मजबूत करता है।

## मोदी की गारंटी फेल हो चुकी है: अभय चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल: इनेलो के प्रधान महासचिव एवं कुरूक्षेत्र** लोकसभा से उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला ने कहा है कि भारतीय भारतीय जनता पार्टी इस बार 200 सीट भी पर नहीं कर पाएगी। मोदी की गारंटी फेल हो चुकी है। इसे अमित शाह भी चुनावी जुमला कह चुके हैं। जजपा नेताओं के पार्टी छोड़ने पर उन्होंने कहा कि आप बार-बार इसी पार्टी का नाम क्यों लेते हो। जितना तेजी से जननायक जनता पार्टी का उत्थान हुआ था। उससे ज्यादा तेजी से यह पार्टी खत्म हो चुकी है। वे गुरुवार को यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा ने जिस व्यक्ति को कुरुक्षेत्र से उम्मीदवार बनाया वह मैदान छोड़कर भाग गया है और विदेश में बैठा है। वह देश के बड़े 10 कॉर्पोरेट घरानो में आता है। उसे फुर्सत नहीं है कि वह लोगों की सेवा कर सके। वह तो मजबूरी में चुनाव लड़ रहा है। उसके ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दबाव है। भाजपा के पास ऐसा कोई उम्मीदवार नहीं था, जिसको वह यहां से उम्मीदवार बना सकते थे।



कांग्रेस के पास भी ऐसा कोई साथी नहीं था, जिसको वह चुनाव में उतार सकते। अभय चौटाला ने कहा कि सुशील गुप्ता कह रहे हैं कि मैं उन्हें हराने के लिए चुनाव लड़ने आया हूं। गुप्ता को यह बयान देने से पहले सोच समझ कर बोलना चाहिए। सुशील गुप्ता को इस क्षेत्र के बारे में क्या पता जब यहां जाट आंदोलन हुआ और 32 बच्चे मौत के घाट उतारे गए उसे समय वह कहां थे। गुप्ता या आम आदमी पार्टी ने उसे समय भाजपा के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा। जब तितरम मोड पर किसानों का धरना लगा उनके समर्थन में आप पार्टी और सुशील गुप्ता कहीं नहीं दिखे। 5 साल राज्यसभा का मेंबर रहा, लेकिन एक दिन भी आकर हरियाणा की मंदिरों का हाल तक नहीं जाना। अब वह यहां किस मुंह से वोट मांगने आए हैं। अभय चौटाला ने कहा कि आज सर्वहित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जसवीर आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी, पूर्व सरपंच बलकार क्योड़क ने उनकी पार्टी को समर्थन दिया है और उनके साथ चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

## घर में घुसकर महिला से रेप की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल:** पलवल में बच्चों के झगड़े का मामला इतना बढ़ गया कि एक शख्स ने घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करते हुए रेप की कोशिश की। इस दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज करने का मामला भी सामने आया है। गुरुवार को पीड़ित महिला की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने आरोपी और उसकी पत्नी व बेटे के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जांच अधिकारी डीएसपी नरेंद्र खटाना ने गुरुवार को बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शिकायत दी है कि उसके बच्चों का सैफी मोहम्मद नामक व्यक्ति के बच्चों से किसी बात को लेकर झगडा हो गया था।

## भाजपा उम्मीदवार से सवाल पूछने आए किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** जिले के नारनौंद विधानसभा क्षेत्र में प्रचार के लिए गुरुवार को भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह से सवाल पूछने आए किसान व पुलिस फिर आमने-सामने हो गए। पुलिस कई किसानों को हिरासत में लेकर उन्हें माहौल को शांत करवाया लेकिन किसानों ने इसका जमकर विरोध किया। भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह का गुरुवार को नारनौंद में एक कार्यक्रम था। इसको लेकर किसानों ने देवराज धर्मशाला के पास एकत्रित होकर सवाल पूछने जाने की योजना बनाई। भनक लगने पर पुलिस ने दर्जनों किसानों को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन हांसी में भेज दिया। देर देर शाम तक किसानों को रिहा नहीं किया गया, जिससे किसानों में रोष है। किसान नेता बलवान लोहान, दशरथ मलिक, गोलू डाटा, राजकुमार नंबरदार, मास्टर सतबीर सिंह सहित सेंकड़ों किसान भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह का विरोध करने के लिए जींद हांसी सड़क मार्ग पर अनाज मंडी के सामने इकट्ठे हो गए। इसकी सूचना पुलिस को मिली तो भारी पुलिस बल के साथ डीएसपी राज सिंह लालका मौके पर पहुंचे किसानों को समझाकर सड़क से दूर किया तो किसानों ने नारेबाजी करनी शुरू कर दी। पुलिस ने किसानों को दूर जाने की चेतावनी दी लेकिन किस नारेबाजी करते रहे तो पुलिस ने किसानों को जबरदस्ती से हिरासत में लेकर हांसी पुलिस लाइन भिजवा दिया। किसानों ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है क्योंकि किसान सवाल भी नहीं पूछ सकता। सभी किसान भाजपा उम्मीदवार का विरोध करने के लिए नहीं बल्कि सवाल पूछने के लिए एकत्रित हुए थे। यह उनका कर्तव्य है कि वह चुनाव जीतकर किसानों व मजदूरों के लिए क्या योजनाएं बनाएंगे ताकि किसान में मजदूर कर्ज मुक्त हो सके।

## गोपाल कांडा व मीनू भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर की लगाएंगें नैया पार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा:** चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर के तरकश में तीरों की संख्या बढ़ती जा रही है। उनके तरकश में कुछ ऐसे तीर भी आ गए हैं, जो अशोक तंवर के लिए सिद्धहस्त साबित होने वाले हैं। ऐसे ही दो चेहरे हैं सिरसा के विधायक गोपाल कांडा और ऐलनाबाद के प्रखर समाजसेवी मीनू बेनीवाल। दोनों के ही नामों की सिरसा में खूब तूती बोलती है। विधायक गोपाल कांडा पहले से ही अपनी पार्टी हलोपा का समर्थन बीजेपी को दे चुके हैं और आने वाली 14 अप्रैल को वे अपने कार्यकताओं के साथ बैठक करके बीजेपी के उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर को खुला समर्थन देने की घोषणा करेंगे। मीनू बेनीवाल का पूरे जिला में जोरदार प्रभाव है। बीते दिवस मीनू बेनीवाल ने गांव तरकांवाली में अपने समर्थकों के साथ बैठक करके उनकी राय जानी। हजारों कार्यकताओं ने उनको खुला समर्थन देते हुए फैसला लेने की बात कही। मीनू बेनीवाल ने कहा कि वे खुले तौर पर अशोक तंवर को समर्थन देंगे और उनकी जीत को सुनिश्चित करने का भरपूर प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि मीनू बेनीवाल एक समाजसेवी के तौर पर अपनी पहचान रखते हैं और चुनाव प्रबंधन को लेकर उनका लंबा अनुभव है। वर्ष 2022 के अक्टूबर में हुए आदमपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई के लिए उनका प्रभावी सहयोग था जिसमें भव्य बिश्नोई ने कांग्रेस के उम्मीदवार जयप्रकाश को करीब 15 हजार मतों के अंतर से परास्त किया था। इससे पूर्व अक्टूबर 2021 में ऐलनाबाद उपचुनाव में भी मीनू बेनीवाल ने भाजपा के लिए प्रचार किया और चुनाव प्रबंधन संभाला। ऐलनाबाद विधानसभा में उनका अच्छा खासा प्रभाव है और पिछले लंबे समय से वे ऐलनाबाद में सक्रिय हैं। राजस्थान के भादरा विधानसभा में मीनू बेनीवाल ने भाजपा के उम्मीदवार संजीव बेनीवाल के लिए प्रचार किया था। मीनू बेनीवाल ऐलनाबाद ही नहीं बल्कि हरियाणा और राजस्थान में प्रमुख समाजसेवी के तौर पर सक्रिय हैं। गौसेवा के प्रति विशेष जुड़ाव रखने वाले मीनू बेनीवाल ने अनेक गौशालाओं के लिए दिल खोलकर दान दिया वहीं ऐलनाबाद के टेल पर बसे गांवों में सिंचाई जल पहुंचाने की व्यवस्था की।



**समर्थकों का साथ**
8 अशोक तंवर के तरकश में कुछ ऐसे तीर भी आ गए हैं, जो अशोक तंवर के लिए सिद्धहस्त साबित होने वाले हैं

# नमो नमो संगठन ट्रस्ट द्वारा शिव शक्ति महायज्ञ में हुई मां चंद्रघंटा की पूजा

**आहुतियां**

8 मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में चल रहे अनुष्ठान में यजमानों ने आहुतियां दी



**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र :** नमो नमो संगठन ट्रस्ट द्वारा चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में करवाए जा रहे श्री शिव शक्ति महायज्ञ में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अंकुश गुप्ता ने बताया कि कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में चल रहे अनुष्ठान में यजमानों ने आहुतियां दी। जनकल्याणार्थ करवाए जा रहे इस अनुष्ठान की अध्यक्षता नमो नमो संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बारना ने की जबकि 52 शक्तिपीठों के प्रतीकस्वरूप कन्याओं का पूजन महासचिव पंडित राजेश मौदगिल परिवार द्वारा किया गया। मुख्य यजमानों शिवकुमार सैनी,सुरेश सैनी,रघुबीर और नरेश सैनी बिशनगढ़ परिवार द्वारा विधि विधान से मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा की गई। मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की व्याख्या करने हुए महंत रूद्र पुरी महाराज प्यौदा (कैथल) ने कहा कि माँ दुगार्जी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है।

इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है।मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएँ विनष्ट हो जाती हैं।

इनकी आराधना सद्यः फलदायी है। माँ भक्तों के कष्ट का निवारण शीघ्र ही कर देती हैं। इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है। इनके घंटे की ध्वनि सदा अपने भक्तों को प्रेत बाधा से रक्षा करती है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसी लिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्ज्वल है, इनके दस हाथ हैं। दसों हाथों में खड्ग, बाण आदि शस्त्र सुशोभित रहते हैं। इनका वाहन सिंह है।पूजन और हवन के पश्चात महिला श्रद्धालुओं द्वारा कीर्तन किया गया। मां दुर्गा आरती में अमन शर्मा,वंदन जैन,दिनेश जिंदल, एडवोकेट गौरव शर्मा,बालकृष्ण शर्मा,पृथ्वी शर्मा, गोपाल शर्मा, मोहनीश,रोशन देवी, ब्रह्मचारिणी योशिका सैनी, रेणु बाला,सीमा गुप्ता, रामकली' सुनीता,नीलम, भगवंती देवी,सरला,रक्षित और हर्षित सहित जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट के कार्यकर्ता शामिल रहे।

# हसला का प्रतिनिधिमंडल अपनी माँगों को लेकर कैबिनेट मंत्री से मिला

**गुणवत्ता**

8 दूसरी और शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु बेहतर अवसर निर्मित होंगे



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन, कुरुक्षेत्र का प्रतिनिधिमण्डल अपनी माँगों को लेकर जिला प्रधान डॉ. दिनेश यादव की अध्यक्षता में माननीय कैबिनेट मंत्री सुभाष सुधा से उनके कुरुक्षेत्र आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने माननीय मंत्री महोदय के समक्ष अपनी माँगों को रखते हुए बताया कि शिक्षा विभाग ने कई महीनों पहले प्राध्यापक पद से प्राचार्य पदों की पदोन्नति हेतु केस माँगकर नवपदोन्नत प्राचार्यों की सूची जारी की थी लेकिन इतना लंबा समय बीत जाने के बाद भी उन्हें स्टेशन आवंटित नहीं किये हैं। चूँकि विद्यालयों में अप्रैल मास से नया शैक्षणिक-सत्र प्रारम्भ हो जाता है इसलिए इस लंबित पड़े कार्य को अगर शुरूआत में ही पूर्ण करने की कृपा की जाए तो एक ओर जहाँ नवपदोन्नत प्राचार्य अपने नए विद्यालयों की पूरे वर्ष की विद्यालय विकास योजना को प्रभावी बनाने में सहयोग करेंगे

वहीं दूसरी और शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु बेहतर अवसर निर्मित होंगे। मंत्री महोदय ने बड़े ही सौहार्दपूर्णपूर्ण माहौल में प्रतिनिधिमंडल की बातों को सुना और उन्हें यह आश्वासन दिया कि जल्द ही वे उनकी मांगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री से मिलकर पूर्ण करवाने की हर सम्भव कोशिश करेंगे।

इस अवसर हसला के संरक्षक सतबीर कौशिक, डॉ. गिरधारी लाल, पूर्व हसला प्रधान अनिल गर्ग, अशोक शर्मा, थानेसर ब्लॉक प्रधान प्रीतम राणा, संगठन सचिव सुनील पौलस्त्य, संदीप फौगाट, डॉ. बलवान सिंह बादल, जोगिंदर सैनी, रणधीर सिंह, हरीश बंसल,राजिंदर भठला, जितेंद्र कालिया,रणधीर सिंह, सांदीप तंवर,परवीन,संदीप,सुभाष, नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अमन व चैन की दुआ के लिए उठे हजारों हाथः मेराज आलम

**दुआ**

8 लोगों ने बादशाही मस्जिद में नमाज अता करके अल्ला ताला से बरकत तथा विश्व में अमन चैन की दुआ मांगी




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला सिटी बादशाही मस्जिद में रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा ईद-उल-फितर पर्व श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया गया। यह जानकारी रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसाइटी की प्रधान मेराज आलम ने दी। उन्होंने बताया कि मुस्लिम समाज के लोगों ने बादशाही मस्जिद में नमाज अता करके अल्ला ताला से बरकत तथा विश्व में अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद पर्व की बधाई दी। मेराज अलाम ने कहा कि ईद का त्योहार हमें भाईचारे का संदेश देता हैं, जिससे मिल-जुलकर रहने की प्रेरणा मिलती है। जो मुस्लिम समुदाय का व्यक्ति दूसरे धर्मों को आदर नहीं करता, वह सच्चा मुसलमान नहीं है। उन्होंने सभी मुस्लिम भाईयों को बुराई के रास्ते को त्यागकर अच्छाई के रास्ते पर चलने की नसीहत दी। नमाज अता करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर खरीददारी की व एक दूसरे को ईद की बधाई दी और ईद के पकवान सिवईयां का लुत्फ उठाया। इस मौके पर शाहिद खान, इकरामुद्दीन मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद फारुख, मोहम्मद नौशाद, इसरार खान, वाहिद, अमीन, मोहम्मद नूर, आजम, मोहम्मद जुनैद अंसारी, मोहम्मद उवैश, मोहम्मद शान अरशद अली, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद सालिक, मोहम्मद ईशाक, मासूम रजा, वसीम रजा, अबरार अंसारी आदि मौजूद रहे।

# 'कर्मचारी मतदाताओं के लिए मतदान के दिन रहेगा पेड होलीडे'

**सोनीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने 18वें लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर सरकार ने पड़ोसी राज्यों के मतदाता जो राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में कार्यरत है को वोट डालने के लिए पेड होली-डे देने की घोषणा की है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों, निगमों के अलावा शैक्षणिक संस्थान, विभिन्न कारखाने, दुकानें, वाणिज्यिक और निजी प्रतिष्ठानों में काम करते हैं और उनका वोट अपने राज्य में बना हुआ है तो ऐसे कर्मचारियों के लिए उन तिथियों को पेड होली-डे के रूप में नामित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून, 2024 तथा उत्तराखंड में 19 अप्रैल, राजस्थान में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल, एनसीटी दिल्ली में 25 मई, हिमाचल प्रदेश में 1 जून, पंजाब एवं यूटी चंडीगढ़ में 1 जून, 2024 को लोकसभा आम चुनाव होने हैं।

# नमाज अदा कर दी बधाई, एक साथ दुआ में उठे हजारों हाथ



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा:** समालखा सराय मोहल्ला, वार्ड 6 में स्थित जामा मस्जिद में ईद उल फितर के पावन पर्व पर नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में जमात जुटी । जिसमे देश के अमन, चैन के लिए दुआ मांगी। इस अवसर पर घरों में सजावट की गई है। बच्चों में इस त्यौहार को लेकर उत्साह देखने को मिला। वही मस्जीद के इमाम मुहम्मद हारून ने ईदगाह में नमाज अदा कराने के बाद जानकारी देते हुए बताया कि नमाज के बाद एक खास दुआ भी होती है, जिसमें पूरे विश्व के लिए शांति और अमन की कामना की जाती है। ईद की नमाज पढ़ने के बाद लोग गले लगकर एक दूसरे को ईद के त्योहार की बधाई देते हैं। नमाज के बाद घर जाकर मीठा खाने का रिवाज होता है। इसी वजह से ईद पर लोग एक दूसरे के घर जाते हैं और मीठा खाने के बाद ईद की मुबारकबाद देते हैं। मीठे पकवानों में ईद के दिन सेवइयां और शीर खुरमा या खीर को जरूर बनाया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रख्यात सारंगी वादक मामन खां हरियाणवी संस्कृति के संरक्षक थेः प्रो. सोमनाथ सचदेवा



**कुरुक्षेत्र:** अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध सारंगी वादक मामन खां के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि प्रख्यात सारंगी वादक मामन खां हरियाणवी लोक संस्कृति एवं परम्परा के संरक्षक थे तथा उनकी इस क्षति को पूरा करना असंभव है। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि केयू परिसर में 28 से 31 अक्टूबर 2023 को आयोजित हुए राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह का उद्घाटन सुप्रसिद्ध सारंगी वादक मामन खां ने किया था। प्रख्यात सारंगी वादक मामन खां पिछले वर्ष केयू ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित हरियाणा राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में सारंगी की स्वर लहरियों से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। उन्होंने अपने 96 वर्ष के जीवन में इस सारंगी साज कला द्वारा हरियाणा ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हरियाणवी संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि केयू परिवार स्वर्गीय मामन खां की आत्मिक शांति के लिए परमपिता से प्रार्थना करता है।

### डिजिटाइजेशन भ्रष्टाचार को रोकने का एक सशक्त माध्यम: प्रो ढींगरा



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में भ्रष्टाचार मुक्त अर्थव्यवस्था में डिजिटाइजेशन विषय पर मासिक विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि डिजिटाइजेशन भ्रष्टाचार को रोकने का एक सशक्त माध्यम है क्योंकि डिजिटलाइजेशन के कारण भ्रष्टाचार में कमी आई है। उन्होंने सरकार की अनेक योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि बैंकिंग सिस्टम में पैसे को सीधे खाते में भेजने की योजना, जन-धन योजना जैसी अनेक ऐसी योजनाएं है जिनके आधार पर हम कह सकते हैं कि डिजिटाइजेशन ने भ्रष्टाचार को कम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाओं को सफल बनाने के लिए हमें भी अपनी सोच में बदलाव करना होगा तथा ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी अच्छा वेतन पाने के बाद भी सौंपे गए कार्य को ईमानदारी से नहीं करता तो वह एक भ्रष्टाचार की पंक्ति में आता है। उन्होंने कहा कि डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में अभी भी कुछ चुनौतियां हैं जिनके कारण भ्रष्टाचार के कुछ नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं जिनको दूर करना बहुत जरूरी है।

# 16 को दिव्यांग केंद्र में लगेगा निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर

**शिविर**

8 सफेद मोतियाबिंद की समस्या से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** सामाजिक सरोकारों व स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में 16 अप्रैल को श्री ऋषि देव जैन की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। श्री ऋषि देव जैन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में लगने वाले इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद की समस्या से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। इस शिविर के लिए किसी भी कार्यदिवस में निशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है। शिविर के दौरान कृष्ण कुमार जैन, सुशील मुनि जैन, राकेश कुमार जैन व अंशुल जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा हिसार के बस स्टैंड के पास न्यू ऋषि नगर में स्थापित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में नेत्र जांच, नेत्र चिकित्सा व नेत्र ऑपरेशन की तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में समाजसेवियों के सहयोग से समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किए जाते हैं। इसी कड़ी में श्री ऋषि देव जैन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 16 अप्रैल को निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर से काफी लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांग केंद्र में नेत्र चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी एवं सामान्य रोग जांच की सुविधा भी उपलब्ध है।

# 18वें स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कर्तव्यनिष्ठ**

8 प्रधानाचार्य ने विद्यालय प्रशासन की उपयोगिता और महत्व बताया व कर्तव्यनिष्ठ बनने का संदेश दिया




**टीम एक्शन इंडिया**
**(कुलदीप सिंह)**

**चंदन बाल** विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में विद्यालय के 18वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, भाषण ,कविताएं आदि प्रस्तुत किए।बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए व विभिन्न गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए विद्यार्थियों की उपस्थिति में सत्र 2024 - 25 के लिए हैड बाय , हैड गर्ल और एक्टिविटी कैप्टन का चुनाव किया गया ।इनके लिए चार -चार बच्चों के नाम प्रस्तावित किए गए थे ।सभी के समर्थन से कृतिका हेड गर्ल , तुषार हेडब्वॉय और लक्षिका को एक्टिविटी कैप्टन चुना गया। इनके साथ ही हाउस कैप्टन निशा,वंशिका , हिमानी और रुपाजंलि , वाइस कैप्टन कशिश , जाह्नवी ,गुंजन व यशिका रहीं। स्पोर्ट्स कैप्टन रौनक, आरव, चक्षु व चिराग रहे ।मिस्टर प्रिफेक्ट श्रेष्ठ, उत्सव,रेहान,और रुद्र रहे ।मिस प्रिफेक्ट दीपकी, अनुवर्षा, दीपिका, व दिविश रहीं। हेड गर्ल कृतिका ने चयनित सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई जिसके माध्यम से बताया गया कि वे अपने सभी काम पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे। मंच संचालन अंजलि, मुस्कान, मीनू व अंशुल के द्वारा किया गया। चयनित विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट करा कर मंचासीन किया गया। अपने- अपने सदन के प्रतीक से सुसज्जित किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने इन सभी को विद्यालय प्रशासन की उपयोगिता और महत्व बताया व कर्तव्यनिष्ठ बनने का संदेश दिया। चयनित विद्यार्थियों ने इस सुनहरे पल के लिए सभी का धन्यवाद किया। कुछ शिक्षक- शिक्षिकाओं को लम्बे समय तक पूर्ण समर्पण भाव से विद्यालय से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा प्रमाण -पत्र से सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के बच्चों ने ईद पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें बच्चों ने भाषण ,कविताएं, गीत , नृत्य आदि की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। इसके माध्यम से बताया गया कि सभी धर्म हमें एक होने का संदेश देते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार , डॉक्टर श्वेता, सुरेन्द्र , विकास, पवन अंतिल (खेल शिक्षक) प्रवीण, रीटा, विक्की , सुषमा देवी, अरुणा आदि उपस्थित रहे।

# महापुरुषों की शिक्षाओं का अनुसरण करें: मिहा सिंह रंगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**श्रद्धा सुमन**

8 महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ बी आर अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**कुरुक्षेत्र:** महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट द्वारा शाहाबाद स्टेशन माजरी में महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ बी आर अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । इस अवसर पर श्री गुरु रविदास सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान सूरजभान नरवाल एवं श्री गुरु रविदास सभा स्टेशन माजरी के प्रधान रामजस , मिहा सिंह रंगा चैयरमैन महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट, स्वीटी रंगा महिला प्रदेश अध्यक्ष ट्रस्ट वकील चंद रंगा, पार्षद अमृतपाल ,राजकुमार सचिव , सतपाल टिंडल ,मुकेश , प्रवीण उर्फ ज्ञानी पूर्व प्रधान , टिंकू भट्टी, एडवोकेट बलविंदर भसीन, देशराज, जसपाल , संजीव कुमार व सभी सदस्यों ने पुस्प अर्पित किए। प्रधान सूरजभान नरवाल और रामजस ने कहा कि हम सबको बाबा साहब और महात्मा ज्योतिबा फुले की शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। उनके दिखाएं मार्ग पर चलें उन्होंने ट्रस्ट ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की स्वीटी रंगा और मिहा सिंह रंगा लगातार बेटियों की शिक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं जो बहुत ही सराहनीय कार्य है ।हम सबको इसी प्रकार से एक दुसरे का सहयोग करना चाहिए। मिहा सिंह रंगा ने कहा कि युवा शक्ति संकल्प लें कि नशे से दूर रहें और अपने स्वास्थ्य का और जीवन का ध्यान रखें। स्वीटी रंगा ने कहा कि डॉ बी आर अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले ने नारी के उत्थान के लिए बहुत से कार्य किए हैं। आज हम सब संकल्प लें कि नारी शिक्षा को को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें।

# जेब से पर्स व मोबाईल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस ने जेब से पर्स व मोबाईल चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने जेब से पर्स व मोबाइल चोरी करने के आरोप में अशोक कुमार उर्फ मौजी पुत्र जिम्मु राम वासी माजरा रोडान निगदू जिला करनाल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 09 अप्रैल 2024 को थाना केयूके में दी अपनी शिकायत में सुनील पुत्र राम विलास वासी मिजार्पुर कालोनी कुरुक्षेत्र ने बताया कि 06 अप्रैल 2024 को उसका बेटा ईलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल में दाखिल था । रात को अस्पताल की कुर्सी पर बैठे हुए उसको नींद आ गई। जब उसकी आँखे खुली तो उसने देखा कि उसकी जब से पर्स व मोबाइल गायब थे। जिसको कोई नामालूम चोर ने उसकी जेब से चोरी कर लिया। जिसकी शिकायत पर थाना केयूके में मामला दर्ज करके जांच हैड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह को दी गई। बाद में मामले में जाँच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को दी गई । दिनांक 10 अप्रैल 2024 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी के मार्ग निर्देश में हैड कांस्टेबल गुरबक्स की टीम ने जेब से पर्स व मोबाइल चोरी करने के आरोप में अशोक कुमार उर्फ मौजी पुत्र जिम्मु राम वासी माजरा रोडान निगदू जिला करनाल को गिरफ्तार कर लिया।

## संपादकीय

# एक बार फिर चर्चा में फिल्म द केरल स्टोरी

**फिल्म द** केरल स्टोरी एक बार फिर चर्चा में है। किंतु इस बार इसके चर्चा में आने का कारण बना है चर्च । यह फिल्म इडुक्की डायोसीज चर्च में कक्षा 10, 11 और 12 की छात्राओं के लिए प्रदर्शित की गई। चर्च ने लव जिहाद के खतरों पर प्रकाश डालते हुए "प्यार" पर एक पुस्तिका भी जारी की। केरल में कई ईसाई धर्मगुरु राज्य में ईसाई लड़कियों के इस्लाम में धर्मान्तरण का मुद्दा लगातार उठा रहे हैं और सरकार से मांग कर रहे हैं कि इस पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाए। वास्तव में फिल्म को चर्च में ईसाई लड़कियों को दिखाया जाना कोई सामान्य बात नहीं है। कहना होगा कि कहीं कुछ हो रहा है, जो बहुत ही अनुचित है। चिंता में डालता है। भविष्य को लेकर भयाक्रांत करता है। अपने समाज अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संघर्ष और जागरुकता के लिए प्रेरित करता है। दरअसल, लव जिहाद यह शब्द जब पहली बार प्रचलन में आया तो सेक्युलर जमात ने इसका मजाक बनाने में जरा भी देरी नहीं की थी । इसे मिथ्या और एक वर्ग विशेष के प्रति दुर्भावना रखने के कारण से पैदा हुए शब्द के रूप में प्रचारित किया । कहा गया, मुसलमान और इस्लाम को बदनाम करने के लिए भारत में कट्टर हिन्दुओं ने यह शब्द गढ़ा है, लव जिहाद जैसा कहीं कुछ भी नहीं होता। कोई मुसलमान लव जिहाद नहीं करता। किंतु इस लव जिहाद की सच्चाई यह है कि इस शब्द की उत्पत्ति किसी हिन्दू मन की उपज नहीं है। वर्ष 2003 और 2004 में इग्लैंड समेत तमाम यूरोपीय देशों में इस बात को लेकर विवाद की शुरूआत हुई कि मुस्लिम युवा वहां की ईसाई लड़कियों को बहला-फुसलाकर न केवल काबू में कर रहे हैं, बल्कि उनको इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उसी समय सबसे पहले इस्लाम के इस क्रूर चेहरे को लव जिहाद का नाम दिया गया। वहीं, भारत में 14 साल पहले लव जिहाद शब्द का पहली बार इस्तेमाल हुआ, जब केरल कैथलिक बिशप काउंसिल ने दावा किया था कि लगभग 4,500 लड़कियों को लव जिहाद का निशाना बनाया गया है। इसी दौरान हिन्दू जनजागृति संगठन का भी आरोप सामने आया था कि केरल में 30,000 लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन किया गया है। ध्यान रहे, यह आंकड़ा केरल राज्य का है, वह भी चौदह वर्ष पहले का। पहली बार 2009 में यह शब्द प्रचलन में तब आया जब इसको लेकर केरल के तत्कालीन मार्क्सवादी मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन ने कहा कि समूचे केरल के इस्लामीकरण की साजिश चल रही है। यहां सुनियोजित तरीके से हिन्दू और ईसाई लड़कियों के साथ मुस्लिम लड़कों के निकाह कराने का षड्यंत्र चलाया जा रहा है। तत्पश्चात तत्कालीन जस्टिस केटी शंकरन ने भी माना था कि केरल के कुछ हिस्सों में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले मिले हैं। केरल उच्च न्यायालय ने प्यार की आड़ में जबरन धर्म परिवर्तन के संकेत पाए जाने पर सरकार से ऐसे भ्रामक कृत्यों पर रोक लगाने के लिए कानून बनाने पर विचार करने को कहा । न्यायालय का कहना था कि प्यार के बहाने कोई बाध्यकारी, भ्रामक धर्म परिवर्तन नहीं हो सकता। इस वक्त पुलिस रिपोर्ट में यह सामने आया कि "कुछ संगठन" अन्य धर्म की लड़कियों को इस्लाम में परिवर्तित करने का ठोस प्रयास करते पाए गए। । पुलिस की विशेष शाखा की रिपोर्ट के अनुसार, मुस्लिम संगठन अपनी लव जिहाद की योजना को पूर्ण करने के लिए अच्छे परिवारों की प्रतिभाशाली उच्च जाति की हिन्दू और ईसाई लड़कियों को फंसाने का काम करते हैं ।

# और भी जलियांवाला बाग नरसंहार हैं भारत में

रमेश शर्मा

> ऐसा कोई देश अपवाद नहीं । अमेरिका और अफ्रीका में अंग्रेजों के ऐसे नरसंहार किए जाने की घटनाओं से भी इतिहास भरा है । अंग्रेज ही नहीं अन्य यूरोपियन्स समूहों द्वारा भी सामूहिक नरसंहार करना सामान्य बात है । भला यूरोप का ऐसा कौन सा देश है जहां यहूदियों का सामूहिक नरसंहार न हुआ हो । लाखों यहूदियों का तड़पा-तड़पा कर प्राणांत किया गया । केवल भारत है, भारत की सनातन परंपरा है। इन्हीं लोगों ने विश्व बंधुत्व, परोपकार, सेवा और मानवीय मूल्यों की स्थापना की बात की । भारतीय जन जब गए, जहां गए, दुनिया के जिस कोने में गए, शांति का संदेश लेकर ही गए । न तो सत्ता हथियाने के षडयंत्र चलाये और न लूट बलात्कार किए । यदि हम इतिहास की घटनाओं का विश्लेषण करें तो हम पायेंगे कि सनातन परंपरा का अनुपालन करने वाले भारतीयों के अतिरिक्त अन्य सभी समूहों द्वारा की गई प्रेम, शांति और भाईचारे की बातें मानो बनावटी रहीं

**जलियांवाला बाग** नरसंहार को 13 अप्रैल को एक सौ चार वर्ष हो जाएंगे । 13 अप्रैल 1919 को जनरल डायर ने वैशाख उत्सव के लिए एकत्रित भीड़ और सैकड़ों निर्दोष नागरिकों पर गोलियां चलाने का आदेश दिया था । इसमें तीन सौ से अधिक लोगों का बलिदान हुआ और डेढ़ हजार से अधिक लोग घायल हुए थे । इनमें से भी अनेक लोगों ने बाद में प्राण त्यागे । ये सब संख्या जोड़े तो मरने वालों के आंकड़ा आठ सौ के पार हो जाता है। भारत में सामूहिक नरसंहार का एक लंबा इतिहास है । अंग्रेजों से पहले भी सामूहिक नरसंहार हुए । हर आक्रांता ने नरसंहार किए हैं। भारत पर विदेशी आक्रमण और विदेशी हमलावरों द्वारा लूट और अपनी सत्ता स्थापित करने के लिए यह खूनी खेल लगभग बारह सौ वर्ष तक चला । शायद ही कोई ऐसा दिन गया हो जब भारत की धरती अपने ही बेटों के रक्त से लाल न हुई हो । सैकड़ों घटनाओं का जिक्र तक नहीं है । जिनका है उनका एक दो पंक्तियों में मिलता है । यदि सभी सामूहिक नरसंहार की गणना की जाए तो लिखने के लिए पन्ने कम पडेंगे। अंग्रेजों द्वारा भारत में किया गया यह नरसंहार भी पहला या अंतिम नहीं है । अंग्रेजीराज में भी विभिन्न स्थानों पर ऐसे सामूहिक नरसंहार किए जाने की घटनाएं भी पचास से अधिक हैं। इनमें हजारों लोगों का बलिदान हुआ । लेकिन जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार भारतीय इतिहास में एक नया मोड़ लेकर आया । उसके बाद भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संघर्ष में तेजी आई । यह तेजी दोंनो प्रकार के आंदोलन में देखी गई । अहिंसक और आलोचनात्मक संघर्ष में भी और सशस्त्र क्रांतिकारी आंदोलन में भी । जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार के बाद मानों भारतीयों की सहनशक्ति जबाब दे गई थी । यह ठीक वैसा ही है जैसे जल से भरा हुआ प्याला एक बूंद पानी भी पचा नहीं पाता । एक अतिरिक्त बूंद और आने पर छलक उठता है। भीतर का पानी भी बाहर फेंकने लगता है। ठीक वैसे ही अंग्रेजों के आतंक से आकंठ डूबे भारतीय जन मानस में एक ज्वार उठ आया । इस घटना के बाद स्वाधीनता संघर्ष को एक नयी गति मिली और पूरा भारत उठ खड़ा हुआ । इससे पहले भी ऐसी घटनाएं स्वतंत्रता या स्वाभिमान संघर्ष के लिये निमित्त बनी हैं । 1857 में भी यही हुआ था । प्लासी का युद्ध जीतकर ही अंग्रेजों ने भारत में दमन




चक्र चलाना आरंभ कर दिया था । जो 1803 में दिल्ली पर कब्जा करने के बाद बहुत तेज हुआ। अंग्रेजों के अत्याचारों का प्रतिकार भी लगातार हुआ । यदि अत्याचार प्रतिदिन हुए तो उनका प्रतिकार भी प्रतिदिन हुआ । किंतु 1857 में मंगल पांडे के बलिदान के बाद भारत में क्रांति की ज्वाला धधक उठी और पूरे देश में अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष का आरंभ हो गया । बलिदानी मंगल पांडे का प्रतिकार ही 1857 की क्रान्ति का मूल बनी। इतिहास की वही पुनरावृत्ति जलियांवाला बाग कांड के बाद हुई । उस दिन जलियांवाला बाग में लोग किसी संघर्ष के लिये एकत्र नहीं हुए थे । वैशाखी मनाने एकत्र हुए थे । यदि संघर्ष के लिए एकत्र होते तो महिलाओं और बच्चों को भी साथ क्यों ले जाते । हां, यह बात अवश्य है कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक थे । वहां एकत्र समूह संस्कृति और परंपरा निर्वहन के संकल्प के साथ ही वहां एकत्र हुए थे । लेकिन अंग्रेजी फौज ने चारों ओर से घेर लिया और अंधाधुंध फायरिंग आरंभ कर दी । इस कांड के प्रतिशोध के लिए सैकड़ों युवाओं ने संकल्प लिया किंतु सफलता क्रांतिकारी ऊधमसिंह को मिली । उन्होंने लंदन जाकर जनरल डायर को मौत की नींद सुला दिया । इस कांड पर अंग्रेजों को खेद जताने में सौ साल लगे । 2019 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने पहली बार खेद जताया । इससे पहले अंग्रेजों ने इस घटना और इस तरह की तमाम घटनाओं को कभी गंभीरता से न लिया था । वे हर नरसंहार का औचित्य प्रमाणित करते रहे । अंग्रेजों या यूरोपियन्स ने ऐसे नरसंहार केवल भारत में ही नहीं किए हैं । पूरी दुनिया में किए हैं । इसका कारण यह है कि वे इस प्रकार के सामूहिक नरसंहार करने के आदी रहे हैं । मध्य एशिया से लेकर यूरोप तक के लोग जिन भी देशों में भी गए, उन देशों में जाकर अपनी सत्ता स्थापित करने या स्थापित सत्ता को सशक्त करने के लिये नरसंहार ही किए हैं । ऐसा कोई देश अपवाद नहीं । अमेरिका और अफ्रीका में अंग्रेजों के ऐसे नरसंहार किए जाने की घटनाओं से भी इतिहास भरा है । अंग्रेज ही नहीं अन्य यूरोपियन्स समूहों द्वारा भी सामूहिक नरसंहार करना सामान्य बात है । भला यूरोप का ऐसा कौन सा देश है जहां यहूदियों का सामूहिक नरसंहार न हुआ हो । लाखों यहूदियों का तड़पा-तड़पा कर प्राणांत किया गया । केवल भारत है, भारत की सनातन परंपरा है। इन्हीं लोगों ने विश्व बंधुत्व, परोपकार, सेवा और मानवीय मूल्यों की स्थापना की बात की । भारतीय जन जब गए, जहां गए, दुनिया के जिस कोने में गए, शांति का संदेश लेकर ही गए । न तो सत्ता हथियाने के षडयंत्र चलाये और न लूट बलात्कार किए । यदि हम इतिहास की घटनाओं का विश्लेषण करें तो हम पायेंगे कि सनातन परंपरा का अनुपालन करने वाले भारतीयों के अतिरिक्त अन्य सभी समूहों द्वारा की गई प्रेम, शांति और भाईचारे की बातें मानो बनावटी रहीं, दिखावा रहीं । वे सेवा शांति की बात करके अपने निश्चित अभियान में सदैव लगे रहे । ऐसा आज की दुनिया में भी देख सकते हैं । लेकिन भारतीय सदैव इससे अलग रहे । वैदिक आर्यो से लेकर स्वामी विवेकानंद तक जो जहां गया, सबसे जीवन का संदेश ही दिया । पूरे विश्व को अपना कुटुम्ब माना और प्रकृति से जुड़कर सह अस्तित्व के साथ जीने की शिक्षा दी । आज के आधुनिक युग में भी यदि भारतीय बच्चे कहीं जा रहे हैं तो सेवा के लिए जा रहे हैं । आज की दुनिया में भला ऐसा कौन सा ऐसा संस्थान है जो भारतीयों की सेवा से पुष्पित और पल्लवित न हो रहा हो । सुविख्यात वैज्ञानिक संस्थान नासा से लेकर बिल गेट्स के औद्योगिक समूह तक सबकी नींव में भारतीय हैं । लेकिन अन्य का चरित्र और संस्कार ऐसे नहीं हैं । उनका आरंभिक स्वरूप, बातचीत और व्यवहार भले ही कैसा हो पर बहुत शीघ्र वे शोषण और दमन पर उतर आते हैं । भारत में लगभग सभी विदेशी आगन्तुकों ने ऐसा ही किया । यदि उनके विचारक पहले समूह बनाकर आए तो भी वे भूमिका के लिए आये थे । जो बाद के हमलावरों के आने पर स्पष्ट हुआ। अंग्रेजों ने भी यही शैली अपनाई । अंग्रेजों ने सबसे पहले विचारक भेजे, दक्षिण भारत में चर्च बनाया, दूसरे क्रम पर व्यापार की बात हुई और अंततः सत्ता शोषण और दमन का आरंभ । यही है अंग्रेजों का इतिहास । अंग्रेजों ने जो आरंभ सबसे दक्षिण भारत से किया, वही शैली उन्होंने पूरे भारत में अपनाई । पहले चर्च, फिर व्यापार। फिर सेना । भारत के मध्य भाग के शासकों की हो या दिल्ली के दरबार की सब जगह एक ही शैली । दिल्ली और पंजाब पर कब्जा करने में अंग्रेजों को लगभग पौने दो सौ साल लगे । मुगल दरबार में अंग्रेजों की आमद 1600 के बाद आरंभ हुई और 1803 में दिल्ली पर अधिकार कर लिया । उनका चौथा चरण सामूहिक दमन नरसंहार और लूट का ही रहा है । जलियांवाला बाग की भांति ही अंग्रेजों द्वारा सामूहिक दमन और नरसंहार से भारत का हर कोना रक्त रंजित है । अंग्रेजों ने एक दर्जन से अधिक नरसंहार तो केवल वनवासी क्षेत्रों में किए थे। कौन भूल सकता है गुजरात के सांवरकाठा कांड को। अंग्रेजों ने वनवासियों को समस्या सुनने के बहाने एकत्र किया और गोलियों से भून दिया। इस कांड में भी सैकड़ों वनवासी बलिदान हुए । शव उठाने वाला भी कोई न बचा था । मध्य प्रदेश में सिवनी जिले से लेकर नर्मदापुरम तक की पूरी वनवासी पट्टी पर कितना रक्त बहा, कोई देखने वाला तक नहीं। झारखंड में बिहार में क्रूरता और बर्बरता से हुए इन नरसंहारो के विवरण भरे पड़े हैं । जो स्वयं अंग्रेज अधिकारियों ने अपनी डायरियों के पन्नों पर लिखे हैं।

## कविता

अरे वाह मौसम विज्ञानी तेरी अद्भुत
बड़ी कहानी
तू हर दल में मंडराए
जहां भी दीखै तवा परात तू डेरा वही जमाए

पहले दादा चले थे उस पर तूने राह वो पकड़ी
बाप गए जो छोड़ विरासत वो माला तूने
जकड़ी
उस थाली में छेद करै तू जिसमें बैठा खाए

उल्टा पुलटा जटटा, और पत्थर का हो बटटा
जितनी बार भी तोलो निकले उतना ही घट्टा
हम सोचे बदला रिवाज, पर तू उसे छोड़ ना
पाए

छह सालों की कुर्सी सौंपी तुझे बनाया हीरो
दलबदलू साबुन से नहाकर, कर दिया सब
कुछ जीरो
कीसानी पर घौंप छुरा, तू कैसा मर्द कहाए

आखिर तूने बजा दिया इस लोकतंत्र का बाजा
आया राम और गया राम की कायम है परिभाषा
यह तेरी सतरंगी छतरी गगन मगन लहराए

कलमकार राजव्रत

## मुद्दों से दूर भागता आम चुनाव

**मेरी या**ददाश्त में देश में ये पहला और शायद आखरी आम चुनाव है जो कि जनता के मुद्दों से दूर भागता नजर आ रहा है। देश के मतदाताओं से सीधे जुड़े मुद्दों पर बातचीत करने के बजाय ऐसे मुद्दों पर विमर्श को केंद्रित करने की कोशिश की जा रही है जो न केवल अप्रासंगिक हैं बल्कि उनका आज की तारीख में देश और देश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। लोकतंत्र में जनता को भटकाना यानि लोकतंत्र को भटकाना एक गंभीर अपराध है ,लेकिन लोग हैं कि ये अपराध सीना ठोंक कर कर रहे हैं।

इस समय देश में अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव की प्रक्रिया जारी है। इनमें से कम से कम 14 आम चुनावों का मैं चश्मदीद हूँ और कम से कम एक दर्जन आम चुनावों का कव्हरेज एक पत्रकार के नाते मैंने किया है। लेकिन ये पहला मौका है जब आम चुनावों को मुद्दों से भटकाने की एक सुनियोजित कोशिश की जा रही है। दुर्भाग्य ये है कि ये कोशिश वे राजनीतिक दल कर रहे हैं जो न सिर्फ जिम्मेदार माने जाते हैं बल्कि पिछले एक दशक से भारत के भाग्यविधाता भी बने हुए हैं। विपक्ष जैसे-तैसे आम चुनावों को मौजूदा मुद्दों पर लेकर आता है सत्ता पक्ष झटके में अतीत की एक कब्र खोदकर उसमें से अपने मतलब का एक कंकाल निकाल लाता है ,वो भी आधा-अधूरा और जनता को मुद्दों से भटका देता है। तीसरी बार सत्ता में आने के लिए कटिबद्ध भाजपा के तरकस से लगभग सभी तीर निकल चुके है। राम मंदिर बन गया,जम्मू-कश्मीर को खंड-खंड कर वहां से अनुच्छेद 370 का विलोप हो गया, तीन तलाक पर कानून बन गय। नारी शक्ति की वंदना हो गयी। समान नागरिकता कानून का शिगूफा भी छोड़ा जा चुका है और अब जब कुछ नहीं बचा तो भाजपा के विद्वान रणनीतिकार अतीत की कब्र खोदकर श्रीलंका और भारत के बीच 1974 में हुए एक सीमा समझौते को खोज लाये। जिसे पिछले एक दशक से न भाजपा नेता जानते थे और न देश की जनता। अब भाजपा कच्चादीव विवाद खड़ा कर दक्षिण के तमिल मतदाताओं की भावनाओं को कुरेद कर अपना उल्लू सीधा करना चाहती है। भाजपा के नेतृत्व को भलीभांति पता है कि वो अपनी पार्टी की सरकार की कथित उपलब्धियों के बूते से मौजूदा आम चुनाव नहीं जीत सकती। भाजपा ने इस बार गलती से तीसरी बार सत्ता में आने के लिए न सिर्फ चुनाव जीतने का बल्कि अपने लिए अखंड शक्ति हासिल करने के मकसद से 400 पार का नारा और दे दिया है। हकीकत ये है कि भाजपा की नाव मझदार में है । उसके लिए पिछले आम चुनाव में मिली कामयाबी के कीर्तिमान को ही बनाये रखना कठिन हो रहा है। चार सौ पार की बात तो दूर की कौड़ी है।

आप गौर कीजिये कि जब से कांग्रेस का चुनाव घोषणा पात्र ' न्याय पत्र ' के नाम से सामने आया है तभी से भाजपा के होश उड़ते दिखाई दे रहे है। भाजपा के पहले दर्जे के नेताओं ने कनग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की तुलना मुस्लिम लीग से कर दी है।

## विचार

# जब झुंझुनू से चुनाव हार गए थे उद्योगपति बिड़ला

रमेश सर्राफ धमोरा

**हरियाणा** सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े-बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं। हालांकि सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं। देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी जगह चुनावी चचाएं जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था। उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे। उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था। पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे।

दूसरी तरफ बैंकों के राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देशभर में हवा चल रही थी। उस समय देश में इंदिरा गांधी आई है, नई रोशनी लाई है नारा बहुत चर्चित हुआ था। उस नारे की बदौलत देश में कांग्रेस की ऐसी हवा चली थी कि विपक्ष के कई बड़े धुरंधर नेता चुनाव हार गए थे। इंदिरा गांधी ने बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने के लिए जिले के धमोरा गांव के शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतार दिया था। उस समय शिवनाथ सिंह गिल गुढ़ा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे। चुनाव में एक तरफ देश के सबसे धनवान प्रत्याशी थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस के एक साधारण किसान चुनाव लड़ रहा था। उस वक्त के चुनाव में धनवान बनाम किसान का नारा लगा था। स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार बिड़ला ने अपने कल कारखानों में कार्यरत झुंझुनू जिले के सभी लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था। बिड़ला की ओर से बड़े भव्य तरीके से चुनाव लड़ा जा रहा था तथा जमकर पैसा खर्च किया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ शिवनाथ सिंह गिल सामान्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे।

जब चुनाव नतीजे आए तो सभी राजनीतिक पर्यवेक्षक दंग रह गए। बड़े-बड़े राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी फेल हो गई। देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिड़ला को कांग्रेस के एक किसान परिवार के प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल ने 98949 वोटो के अंतर से चुनाव हार दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को 223286 यानी 59.79 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं स्वतंत्र पार्टी के कृष्ण कुमार बिड़ला को 124337 यानी 33.30 प्रतिशत वोट मिले थे। कामरेड घासीराम को 9548 वोट, हणुताराम को 5073 वोट, बलदेव प्रसाद को 3143 वोट, दुलाराम को 3013 वोट, महादेव प्रसाद को 2113 वोट, बृजमोहन को 1801 वोट, तारावती को 1113 वोट मिले थे। उस चुनाव में मुल 9 प्रत्याशी खड़े हुए थे। मगर मुख्य मुकाबला कृष्ण कुमार बिड़ला व शिवनाथ सिंह गिल के बीच ही हुआ था। लोकसभा चुनाव में हारने के बाद बिड़ला परिवार का झुंझुनू जिले से मोह भंग हो गया और उन्होंने अपनी जन्म भूमि पिलानी में एक शैक्षणिक संस्थान बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स ) के अलावा और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो जिले की जनता के काम आ सके।

हालांकि बाद में कृष्ण कुमार बिड़ला कांग्रेस के टिकट पर 1984 से 2002 तक लगातार 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे। बाद में कृष्ण कुमार बिरला की बेटी व हिंदुस्तान टाईम्स अखबार की अध्यक्ष शोभना भरतीया भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान से राज्यसभा सदस्य रह चुकी है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## आध्यात्म

# सूर्य के समान ही अष्टभुजा धारी माता कुष्मांडा

मां कुष्मांडा देवी का अवतार, मां दुर्गा के नौ रूपों में से एक है जिनकी पूजा नवरात्र के चौथे दिन की जाती है। मां दुर्गा के इस अवतार का नाम, तीन शब्दों से मिलकर बना है - कु यानी छोटा सा, उस्मा यानी ऊर्जा और अंडा यानी एक गोला। अर्थात, मां कुष्मांडा के नाम का पूरा मतलब है- ऊर्जा का एक छोटा सा पवित्र गोला। कहा जाता है, कि जब सृष्टि में चारों ओर अंधकार फैला था, तब माँ दुर्गा अपने इसी स्वरूप में प्रकट हुई थीं। अपनी मनमोहक मुस्कान से माँ दुर्गा ने चारों तरफ प्रकाश उत्पन्न कर ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इस कारण, यह आदि स्वरूपा या आदिशक्ति के नाम से भी जानी जाती हैं। मां कुष्मांडा को ब्रह्मांड की पहली देवी कहा गया है, जो आंतरिक शक्ति का एक रूप हैं।

मां कुष्मांडा की आठ भुजाएं हैं, जो आठों दिशाओं को दर्शार्ती हैं। इसी कारण, उन्हें अष्ट भुजाओं वाली भी कहा जाता है। मां के सात हाथों में चक्र, गदा, धनुष, कमंडल, कमल पुष्प, कलश और बांध क्रमशः सुशोभित रहते हैं और उनके आठवें हाथ में, सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला विभूषित है।

माना जाता है, कि जब सृष्टि की कोई रचना नहीं हुई थी, तब एक छोटा सा ऊर्जा का गोला उत्पन्न हुआ और उस गोले ने आठों दिशाओं में रोशनी फैला दी। देखते ही देखते, उस गोले ने एक नारी का रूप ले लिया। वह नारी और कोई नहीं, बल्कि माता कुष्मांडा थीं। इस प्रकार, उन्होंने सृष्टि की रचना की। माता कुष्मांडा के नाम में ही सृष्टि की रचना का भाव छुपा है।सृष्टि की रचना कर माता कुष्मांडा ने 3 देवियों को जन्म दिया और अन्य देवताओं की रचना की। उन्होंने अपने त्रिनेत्र से तीनों देवियों की सर्जना की। उन्होंने अपने बाएं नेत्र से महाकाली देवी को उत्पन्न किया` दाएं नेत्र से मां सरस्वती देवी को उत्पन्न किया, तो वहीं, अपने मस्तक पर केंद्रित आंख से महालक्ष्मी देवी का निर्माण किया। तत्पश्चात, उन्होंने तीनों देवियों से एक नर और एक नारी को प्रजनित कराया। उन्होंने महाकाली देवी से उत्पन्न हुए पुरुष को भगवान शिव और महिला को माता सरस्वती का नाम दिया तदोपरांत, उन्होंने जीवनसाथी के रूप में ब्रह्मदेव को माता सरस्वती, भगवान शिव को मां शक्ति और भगवान विष्णु को लक्ष्मी माता प्रदान किया।

## बोटी फेंको तमाशा देखो

डॉ. सुरेश कुमार

**एक बेरोजगार** कुत्ते ने देखा वादों के कूड़ा-कर्कट में रोजगार की ढेर सारी बोटियाँ इधर-उधर बिखरी पड़ी हैं। यह आँखों का धोखा है या फिर ठगने की नई चाल, उसे समझ नही आया। कुछ देर इधर-उधर देखा तो जाना कि यहाँ तो एक से बढ़कर एक मनलुभावन वादों की लपलपाती बोटियाँ हैं। रोजगार की बोटी अकेली नहीं, इसके सहचर भी ललचाने बैठे हैं। किसानों को समर्थन मूल्य के नूडल्स, बूढ़ों को पेंशन का पिडिग्री बिस्कुट, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा की रबड़ी, स्मार्ट शहरों की बिरयानी सब ललचा रहे थे। लंबी-लंबी फेंकने की जलेबी का तो अलग आकर्षण है। चखने के लिए एक मुँह बस नहीं हो सकता। उन जलेबियों पर पैकेजों की रबड़ी तो और चटकदार लगती है। जहाँ देखो वहाँ वादों के एक से बढ़कर एक पकवान दिखाई दे रहे हैं। थोड़े छोटे तो थोड़े बड़े लगते हैं। यहाँ गरीबी की मिर्ची, कंगाली का आटा, पिछड़ेपन की करेली कड़वाहट का नामोंनिशाँ नहीं है। इन वादों के पकवान वाली जादूगरी ऐसी कि कोई भी फंस सकता है, फिर भी सभी दौड़े-दौड़े चले आ रहे हैं। भूखे और तड़पते मरने से अच्छा है कि चंद मिनटों के पकवान वाली मौत ही सही। जमाना वादों के पकवान खाना चाहता है। तरह-तरह स्वाद का लुत्फ उठाना चाहता है। यहाँ शिरखुर्मा को जिहादी कहकर मोदकों से भिड़वाया जा रहा है। मोदकों को रसगुल्लों से लड़वाया जा रहा है। चूंकि भिड़ना, लड़ना दोनों पकवान हैं, कुत्ते बेवकूफ बनते जा रहे हैं। कुत्ते भूल चुके हैं कि वे कुत्ते हैं। जमाने के साथ-साथ उसे फंसाने के तरकीबें बदली हैं, लेकिन वह नहीं बदला। इस बार कुत्ते मुफ्त वादों के पकवान वाले कूड़े-कर्कट की मौज ले रहा है।

जब तक बोटियाँ हैं तब तक उसके दिन अच्छे हैं। यहाँ वादें बदलते हैं, कुत्ते नहीं। वादे खत्म के होने साथ कुत्ते कूड़े-कर्कट की बदबू में उलझकर रह जाएगा। वह लाख कोशिश करेगा बाहर निकलने की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। तभी झूठे वादों के पकवान बनाने वाला आएगा और धीरे से से कुत्तों को धर दबोचेगा और उन्हें कुत्तों को पकड़ने वाली गाड़ी में अपने साथ ले जाएगा। कुत्ते पकड़ने का खेल सदियों से चला आ रहा है और इन बोटियों के नाम पर कुत्ते हमेशा से फंसते जा रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### घर के बाहर हवाई फायर करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को वारंट पर लिया

**सोनीपतः एसएजी सोनीपत पुलिस** ने घर के बाहर हवाई फायर करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को प्रोडेक्शन वारंट पर लिया है। गिरफ्तार आरोपित आरोपित दीपांशु उर्फ सुखा व प्रियांशु निवासी सब्जी मंडी सैनीपुरा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। शिव कॉलोनी निवासी विकास ने बताया कि गत 6 मार्च को शिकायत देकर बताया था कि गत 5 मार्च को वह रिश्तेदार के साथ दरवाजे केपास कमरे में सो रहा था। अचानक फायर होने की आवाज आई तो शोर सुनकर हम उठे तो मेरे मकान के अन्दर भी एक रोंद सिका मिला और गली मे भी फायरिंग की आवाज सुनाई दी जो बहार गली मे देखा तो तीन लड़के भागते हुआ दिखाई दिये जो इस बारे डायल-112 पर सूचना दी थी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक जितेंद्र की टीम ने आरोपितों की खोजबीन करते हुए तीन आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दो आरोपितों को प्रोडेक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### मतदाता घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड

**सोनीपत। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाताओं की सुविधा हेतु भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विभिन्न डिजिटल पहलें की गई हैं। इनमें सबसे प्रमुख है ई-एपिक यानि फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र को डिजिटल तरीके से प्राप्त करना। अब मतदाता घर बैठे ही अपना वोटर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि यदि मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। यह डिजिटल वोटर कार्ड मतदान करने के लिए पूरी तरह से मान्य है। डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि यह ई-एपिक ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के इस पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजिलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि डिजिटल कार्ड को डाउनलोड करने के लिए पंजीकृत मतदाता को राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल पर जाना होगा। नए यूजर को अपने आपको रजिस्टर करना होगा। इसके बाद ई-एपिक डाउनलोड करने के विकल्प पर क्लिक करें। फिर अपना एपिक यानि वोटर कार्ड नंबर या फॉर्म रेफरेंस नंबर को दर्ज करें। रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। इसके बाद ई-एपिक डाउनलोड का विकल्प आ जाएगा।

### महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल में योगा में बच्चों ने दिखाया प्रदर्शन

**पानीपतः** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नव निर्मित भवन महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल के नन्हे छात्रों ने एक अद्वितीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में योग के शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक लाभों को बढ़ावा देना था। प्राचार्य मनीष घनगस ने कहा कि इस योग दिवस में आसन, प्राणायाम, और ध्यान का एक जीवंत मेल होता है। कार्यक्रम एक उत्साहजनक योग सत्र के साथ शुरू हुआ, जिसे अनुभवी अध्यापकों द्वारा नेतृत्व किया गया, जो प्रतिभागियों को लचीलाई, शक्ति, और संतुलन को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए आसनों के एक श्रृंगारिक श्रृंगार में ले गए। विभिन्न आयु समूहों के छात्रों ने विभिन्न योग क्रियाओं में सक्रिय भाग लिया, जो एक स्वस्थ जीवनशैली को योग के माध्यम से अपनाने के प्रति उनकी उत्साह और समर्पण का प्रदर्शन करता है। योग का महत्व बताते हुए आर्य स्कूल के प्राचार्य मनीष घनगस ने शिक्षा में योग को शामिल करने के महत्व को जाहिर किया, विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए जो शैक्षिक और अतिरिक्त कार्यक्रमों के माध्यम से निर्देशित हो रहे हैं।

# भाजपा कर रही बाबा साहेब के सपनों को साकारः जगमोहन आनंद

## 'बाबा साहब का सपना था कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को उसका हक मिले'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कुरुक्षेत्र भाजपा** के प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारणी सदस्य भाजपा जगमोहन आनंद ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब के सपनों को भाजपा ही साकार कर रही है। बाबा साहब का सपना था कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को उसका हक मिले और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी लक्ष्य को लेकर दिन रात काम कर रहे हैं। जगमोहन आनंद ने पूर्व पार्षद वीर विक्रम कुमार के साथ सेक्टर-13 एक्सटेंशन में देवराज चौधरी व रवि रहेजा के निवास पर एवं करनाल क्लब में सेक्टर-13 पार्क एन्क्लेव रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित बैठक को सम्बोधित किया। उन्होंने 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता बाबा



साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर करनाल की पुरानी सब्जी मंडी में आयोजित होने वाले सामाजिक समरसता संकल्प रैली में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया की सम्मलेन में करनाल विधानसभा से प्रत्याशी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। गुलशन नारंग, शशि टंडन, गुलशन चुटानी, विजय, मोहिंद्र चौधरी, सोहन गिरधर, सुरिंद्र सिंह, हरीश ग्रोवर, सचिन, हरीश नागपाल, संजय अरोड़ा, मोहिंद्र शर्मा, राकेश मक्कड़, अरविन्द ग्रोवर, संजीव वर्मा, टिन्नी मनोचा, विजय आनन्द, अश्विनी चौधरी, सुरेंद्र चावला, वेद बजाज, एसपी सिंगला, केएल नारंग, दौलत राम खुराना, विजय कपूर, पंकज अनेजा, शशि पांधी, अनिल चौधरी, राजेश ग्रोवर सहित अन्य मौजूद रहे।

# योग द्वारा कई तरह की बीमारियों का इलाज संभवः दिनेश गुलाटी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत मुख्य शिक्षक दिनेश गुलाटी योग द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देकर समाज में अतुल्य योगदान दे रहे हैं। उन्होंने अटल पार्क सेक्टर नौ में नियमित योग कक्षा में पहुंचकर योग करवाया। उन्होंने कहा कि योग न केवल कुछ शारीरिक क्रियाएं एवं व्यायाम हैं, अपितु एक चिकित्सा है, जिसका वैज्ञानिक आधार भी है। योग के द्वारा कई तरह की बीमारियों का इलाज संभव है। कैंसर, अल्सर, कोलाइटिस जैसी बीमारियों का निदान योग द्वारा कर सकते हैं। साथ ही तनाव, अवसाद और कई तरह की मानसिक बीमारिया योग से दूर होती हैं।उन्होंने साधकों को सूक्ष्म क्रियाएं, आसन, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। साथ ही बताया कि सूक्ष्म व्यायाम द्वारा हम अपने आंतरिक अंगों को स्वस्थ रख सकते हैं और प्राणायाम द्वारा हम अपनी भीतरी अंगों को मजबूती दे सकते हैं। इस कक्षा में योग शिक्षक कुसुम राणा और निर्मल कंबोज के साथ काफी संख्या में साधक साधिकाएं उपस्थित रहे।

### 1 किलो गांजा सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपतः** सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम बुधवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सनौली गांव के अड्डा के नजदीक मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की रोशन उर्फ मोटा निवासी सरनाचर छपार बिहार हाल कृष्णा गार्डन कॉलोनी गांजा बेचने का अवैध धंधा करता है। रोशन उर्फ मोटा सनौली गांव के अड्डा पर खड़ा है। जिसके पास मादक पदार्थ होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान रोशन उर्फ मोटा पुत्र बच्चा सिंह निवासी सरनाचर छपार बिहार हाल कृष्णा गार्डन कॉलोनी के रूप में बताई।

# बाजार के महेश की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः देर साय** छावनी के मशहूर राम बाजार के मालिक के बेटे लगभग 44 वर्षीय महेश गुप्ता उर्फ शिवु की सुध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक के शव का दोपहर बाद छावनी राम बाग मे संस्कार किया गया।इस दौरान अंबाला के अनेक राजनीतिक धार्मिक व समाजिक संस्थाओं के साथ साथ अंबाला छावनी के अनेक लोग मौजूद थे। जानकारी के अनुसार महेश गुप्ता से उनके भाई दीपक की अंतिम बात करीब साढ़े 11 से पौने 12 बजे के बीच हुई थी। इस दौरान वह जल्द आने की बात कह रहा था। इसके बाद से परिजनों का महेश से संपर्क नहीं हो पाया। उसका फोन बार-बार बंद आ रहा था। पत्नी ने भी उनके फोन पर कई




फोन किए। इसके बाद परिजनों को खोजबीन करने पर जानकारी मिली कि महेश का स्कूटर सुंदर नगर में शिव मंदिर के पास खड़ा है। ऐसे में परिजन व मित्र तुरंत मौके पर पहुंचे। यहां किराए के कमरे पर रहने वाले पूर्व नौकर के घर के पास बने एक घर में गए और दरवाजा खटखटाया तो कोई नहीं आया। इसके बाद शक होने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर देखा तो वह देखकर हैरान रह गए। बैड पर महेश का शव पड़ा था। उसके कान के पास से खून निकल रहा था तो हाथों और पैरों की अंगुलियों पर चोट के निशान थे। वहां मौजूद लोगो का कहना था वहीं नजदीक में चार लोग खड़े थे। जिसमें एक महिला भी बताई जाती है।पता चला है कि इस दौरान परिजनों से मौके पर मौजूद आरोपियों से झड़प भी हुई। हालांकि पुलिस अभी इस बात की पुष्टि नहीं कर रही है। इसके बाद जैसे तैसे परिजन गाड़ी में महेश को लेकर छावनी के नागरिक अस्पताल पहुंचे जहां पर महेश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।
शुरूआती जांच में पता चला है कि नागरिक अस्पताल में लाने से दो से ढाई घंटे पहले ही महेश की मौत हो चुकी थी।सिविल अस्पताल में मौजूद मृतक महेश गुप्ता के मित्रों व सगे-संबंधियों ने बताया कि वो बड़े हंसमुख व मिलन स्वभाव के थे और गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते थे।

### बड़वासनी के पास कंस्ट्रक्शन कंपनी के पांच वाहनों की बैटरी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सदर थाना क्षेत्र** के गांव बड़वासनी से जाहरी सड़क मार्ग पर कंपनी के पांच वाहनों की बैटरी के चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव रेवती थाना बलिया उत्तर प्रदेश हाल में गांव बड़वासनी प्राइवेट कंपनी में तैनात लाईजिंनिग अफसर ने बताया कि उनकी कंपनी नेशनल हाइवे-352 एक गोहाना रोड सोनीपत के खंड को बनाने का कार्य कर रही है। बड़वासनी से जाहरी गांव की तरफ नेशनल हाइवें पर टावर लाइट मशीन नजदीक फ्लाई ओवर के पास करीब 100 मीटर दूर तीन रोड रोलर, खड़े थे। करीब ढाई किलोमीटर नजदीक रेलवे लाइन जहारी के पास पोपलेन मशीन व डीजी जनरेटर खड़ा था। सभी वाहनों पर बैटरी लगी हुई थी। किसी ने वाहनों की बेटरी चोरी कर ली। अपने स्तर व सिक्योरियटी गार्डो ने सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी दीपक ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# डिजिटाइजेशन भ्रष्टाचार को रोकने का एक सशक्त माध्यमः प्रो ढींगरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में ह्यभ्रष्टाचार मुक्त अर्थव्यवस्था में डिजिटाइजेशनह्व विषय पर मासिक विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि डिजिटाइजेशन भ्रष्टाचार को रोकने का एक सशक्त



माध्यम है क्योंकि डिजिटलाइजेशन के कारण भ्रष्टाचार में कमी आई है। उन्होंने सरकार की अनेक योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि बैंकिंग सिस्टम में पैसे को सीधे खाते में भेजने की योजना, जन-धन योजना जैसी अनेक ऐसी योजनाएं है जिनके आधार पर हम कह सकते हैं कि डिजिटाइजेशन ने भ्रष्टाचार को कम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाओं को सफल बनाने के लिए हमें भी अपनी सोच में बदलाव करना होगा तथा ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा।उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी अच्छा वेतन पाने के बाद भी सौंपे गए कार्य को ईमानदारी से नहीं करता तो वह एक भ्रष्टाचार की पंक्ति में आता है। उन्होंने कहा कि डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में अभी भी कुछ चुनौतियां हैं जिनके कारण भ्रष्टाचार के कुछ नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं जिनको दूर करना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केयू वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की अधिष्ठाता प्रोफेसर नीलम ढांडा ने कहा कि डिजिटल क्रांति द्वारा कम्युनिकेशन के क्षेत्र में बहुत अधिक उन्नति हुई है व डिजिटलाइजेशन से आज लोगों की बैंकिंग क्षेत्र में रुचि बढ़ी है वहीं बिचौलियों की भूमिका बिल्कुल न के बराबर हो गई है जिसके कारण आम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ पहुंच रहा है।
इस अवसर पर पंचनद अध्ययन केंद्र कुरुक्षेत्र की अध्यक्ष डॉ. मधुदीप ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कोषाध्यक्ष डॉ. कंवरदीप ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# 'समाज में कन्याओं एवं महिलाओं की रक्षा नहीं तो नवरात्र पूजा कैसी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः आजकल लोग** नवरात्र पूजन कर रहे हैं लेकिन समाज में जो कन्या एवं महिला अत्याचार की सूचनाएं मिलती हैं। उन्हें देखकर नवरात्र पूजन का कैसा लाभ। जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि हमें नवरात्रों के चलते पहले कन्याओं एवं महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा का प्रण लेना चाहिए। तभी नवरात्र पूजा सार्थक होगी। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि नौ दिवसीय नवरात्र पर्व के समापन में कन्या से पूजन किया जाता है,



जिसमें नन्ही कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनकी पूजा की जाती है और उन्हें भोजन कराया जाता है, बाद में दान व तोहफे दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व नारी के सम्मान का प्रतीक है। नौ दिनों तक नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना होती है। कहते हैं कि जिस घर में माता की पूजा होता है, वह सुख-समृद्धि बनी रहती है। देवी पूजा महज माता की प्रतिमा की पूजा मात्र नहीं है, बल्कि यह पर्व मां, बहन, बेटी और समाज की हर नारी के सम्मान का पर्व है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि ऐसे में सिर्फ कन्या पूजन ही नहीं, महिलाओं का भी सम्मान करें। अगर आप देवी पूजा करते हैं तो महज नवरात्र के मौके पर नहीं बल्कि महिलाओं के प्रति आदर सदैव बनाए रखें।

# गोयल ने प्रदेश के स्कूलों के वाहनों की फिटनेस की जांच करवाने के दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः महेंद्रगढ़ के** कनीना में हुए भयानक स्कूल बस हादसे में अब हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल का बड़ाएक्शन देखने को मिला है। मामले में मंत्री असीम गोयल ने सबसे पहले दिवंगत बच्चों के प्रति दुःख प्रगट किया। भयानक हादसे के बाद परिवहन मंत्री असीम गोयल ने बड़े आदेश जारी करते हुए पूरे हरियाणा प्रदेश के स्कूलों के वाहनों की फिटनेस की जाँच करवाने के आदेश दे दिए हैं। इसके साथ साथ उन्होंने आदेश दिए हैं कि सभी जिला शिक्षा अधिकारीयों को एक सर्कुलर जारी कर हर स्कूल के वाहनों की फिटनेस चैक की



जाएगी। मंत्री असीम गोयल ने निर्देश दिए हैं कि चंडीगढ़ में स्थित उच्च अधिकारीयों की अध्यक्षता में जाँच कमेटी बनाई जाये और एक एक पहलु पर जाँच करे। इसके साथ साथ परिवहन मंत्री असीम गोयल ने स्थानीय डीटीओ को स्कूल के खिलाफ एफाई आर करवाने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। इसके साथ साथ बस के डॉक्युमेंट पूरे न होने के संबंध में दोषी अधिकारी को सस्पेंड करने की बात भी परिवहन मंत्री ने कही।
गौरतलब है कि एक तरफ ईद उल फितर का त्योहार पूरे देश भर में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर महेंद्रगढ़ में ईद के दिन मौत बच्चों को स्कूल की और खींच ले गई। क्योंकि सरकारी छुट्टी के बावजूद नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए स्कूल द्वारा कक्षाएं लगाई जा रही थीं। नियमों को ताक पर रख कर बच्चों को स्कूल ले जा रही बस गांव उन्हानी के पास पटल गई। इस भीषण सड़क हादसे में 8 बच्चों की मौत हो गई और 15 गंभीर रूप से घायल हो गए। आरटीए महेंद्रगढ़ से रजिस्टर्ड है। 30 अगस्त 2017 से इंश्योरेंस नहीं हुआ है। यानी 7 साल पहले खरीदी गई बस का इंश्योरेंस 7 साल से नहीं हुआ है। फिटनेस 23 अगस्त 2018 से नहीं जांची गई है। पॉल्यूशन भी 18 मार्च 2024 तक था जो समय पूरा हो चुका है। महेंद्रगढ़ में स्कूल बस पलटने से हड़कंप मच गया है। इस भीषण हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया गया है। वहीं, हादसे का कारण बस चालक के नशे में होना बताया जा रहा है। पुलिस ने
बस चालक को हिरासत में लेकर मेडिकल के लिए महेंद्रगढ़ नागरिक अस्पताल पहुंचाया है। एक निजी स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से घायल हुए एक छात्र ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि ड्राइवर नशे में था और उसने बस की स्पीड 120 कर रखी थी। जिसके कारण संतुलन बिगड़ गया और यह बड़ा हादसा हो गया।

# मंडियों में व्यवस्थाओं को बेहतर करें मार्केट कमेटीः राजकुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः अंबाला शहर** के अनाज मंडी में गेहू की आवक शुरू हो गई है इसको लेकर जहां एक और किसानों के चेहरे खिले है। वही आड़ती भी काफी खुश नजर आ रहे है। अंबाला शहर नई अनाज मंडी के आड़ती राजकुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार किसाना बता रहे है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार गेहूं की पैदावर कम होने की उम्मीद है उन्होंने यह भी कहा कि अंबाला शहर अनाज मंडी इस इलाके कि सबसे बड़ी अनाज मंडी है ।इस बार चुनावों का समय है तो किसानों को पेमेंट भी समय पर मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मंडी में अनेक प्रकार की समस्याएं भी है। पीने के पानी की



भी किलत है। हम चाहतें हैकि मंडी बोर्ड व्यवस्थाओं की और ध्यान दें। इस संबंध में हम सैक्ट्री मार्किट कमेटी से भी बात करेंगे और उन्हें व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए कहेंगेंअंबाला जिले की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो गई है। अभी तक सभी छह मंडियों में कुल 3665 क्विंटल गेहूं आ चुका है। इसमें सबसे अधिक अभी तक मुलाना में दो हजार क्विंटल गेहूं आया है। जबकि किसी मंडी में अभी तक खरीद नहीं हो सकी है। इधर गेहूं की खरीद के लिए एजेंसियों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है।सरकार के निदेशों के

> **आदेश**
>
> 8 12 प्रतिशत से अधिक नमी पर वैल्यू कट लगेगा।फिलहाल किसान अपनी गेहूं को मंडी में सूखा रहे है।

अनुसार एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होनी थी। लेकिन अभी फसल पूरी तरह से पकी नहीं है। इसलिए कटाई में समय लग रहा है। इधर एजेंसियों ने गेहू खरीद के लिए अपने दिन निर्धारित कर लिए हैं। सप्ताह में चार दिन हैफेड और दो दिन जिला खाद्य आपूर्ति विभाग खरीद करेगा। एजेंसियों ने गेहूं खरीद के लिए सोमवार, मंगलवार, वीरवार और शनिवार को हैफेड और बुधवार, शुक्रवार को डीएफएससी गेहूं की खरीद करेगी। उधर कृषि विभाग ने 34000 एकड़ क्षेत्र में मिस मैच फसलों की दोबारा से गिरदावरी को पूरा कर लिया है। सोमवार को शहर अनाज मंडी में गेहू लाने पर पांच गेट पास कटे हैं। जिनका वजन 250 क्विंटल से अधिक है। अभी गेहूं में नमी है। मार्च महीने में पड़ी ठंड से गेहूं को पकने में अभी समय लगेगा। गेहूं की खरीद के लिए 12 प्रतिशत तक की नमी पर गेहूं खरीदी जाएगी। 12 प्रतिशत से अधिक नमी पर वैल्यू कट लगेगा।फिलहाल किसान अपनी गेहूं को मंडी में सूखा रहे है। गेहूं की आवक बढ़ने के बाद खरीद शुरू हो जाएगी। उ

# घायलों का हालचाल जानने के बाद सीएमओ को दिए बेहतरीन ईलाज के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**
**नारनौल। उपायुक्त** मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज कनीना के उन्हानी मोड़ पर हुए स्कूल बस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने मृतक बच्चों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए इस मामले में लापरवाही के लिए जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। इससे पहले उपायुक्त ने हादसे के तुरंत बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम को अलर्ट कर घायलों का बेहतरीन ईलाज करने के निर्देश दिए। उसके बाद डीसी ने नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ व कनीना में पहुंच कर घायल बच्चों की



जानकारी ली। साथ ही उन्होंने उन्हानी मोड़ घटना स्थल पर पहुंच कर घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने रेवाड़ी के मातृका अस्पताल व आदित्य न्यूरो अस्पताल में दाखिल घायल बच्चों का हालचाल पूछा। उन्होंने सभी बच्चों के अभिभावकों को आस्वस्त किया कि बच्चों का बेहतरीन इलाज करवाया जाएगा। बच्चों के इलाज पर होने वाले खर्च का जिला प्रशासन इंतजाम कराएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद सीएमओ डा रमेश चंद्र आर्य को निर्देश दिए कि वे अभिभावकों के संपर्क में रहें तथा हर संभव ईलाज करवाया जाए।

# सीएम के निजी सचिव को हटाया गया

## बिभव कुमार की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं, विजिलेंस विभाग ने बिभव कुमार की नियुक्ति को सही नहीं माना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक और झटका लगा है। सीएम के निजी सचिव बिभव कुमार के खिलाफ विजिलेंस विभाग ने बड़ा एक्शन लिया है। बिभव कुमार की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। विजिलेंस विभाग ने बिभव कुमार की नियुक्ति को सही नहीं माना है। विजिलेंस विभाग के स्पेशल सेक्रेटरी वाईवीवीजे राजशेखर ने आदेश जारी किया है।

विजिलेंस विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बिभव कुमार की नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया और नियमों का ईमानदारी से पालन नहीं किया गया है। इसलिए ऐसी नियुक्ति अवैध और अमान्य है। बता दें कि दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी कई बार बिभव कुमार से पूछताछ कर चुकी है। सोमवार को भी ईडी ने बिभव कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया था।

**दिल्ली के कैबिनेट के मंत्री राजकुमार आनंद ने दिया इस्तीफा:** कथित शराब घोटाले में भ्रष्टाचार के आरोप से जूझ रही आम आदमी पार्टी को बुधवार को एक और बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कैबिनेट के मंत्री राजकुमार आनंद ने पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दिल्ली सरकार के पहले मंत्री हैं, जिन्होंने मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद सरकार और पार्टी को अलविदा किया है। अनुसूचित जाति कोटे से मंत्री आनंद दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्रालय संभाल रहे थे। इस्तीफा देते वक्त उन्होंने आम आदमी पार्टी व दिल्ली सरकार पर कई आरोप लगाए। हालांकि, इस्तीफा देने से पहले आनंद ने सोशल मीडिया पर भाजपा पर हमला बोला था। इस्तीफा देने के साथ राजकुमार आनंद का आरोप है कि अनुसूचित जाति के लोग आज आप से ठगा हुआ महसूस कर रहा है। पार्टी में अनुसूचित जाति के विधायकों और पार्षदों का सम्मान नहीं है।

बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलने वाले लोगों को प्रमुख पदों पर जगह नहीं दी जाती हैं। अगर हम अनुसूचित जाति के लिए ही काम नहीं कर सके तो आप में रहने का कोई मतलब नहीं है।





### झटका

8 बिभव कुमार की नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया और नियमों का ईमानदारी से पालन नहीं किया गया

## तिहाड़ में किताबें पढ़ते और लिखते हुए दिन काट रहे सीएम केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल प्रशासन से जेल मैनुअल की प्रति मांगी। जेल प्रशासन ने उन्हें उपलब्ध करा दिया। उन्हें मच्छरदानी उपलब्ध कराई गई है साथ ही उनके सेल में 20 चैनलों वाला टेलीविजन भी लगाया गया है। हालांकि केजवरीवाल टीवी नहीं देख रहे हैं। वह कोठरी में उपलब्ध कुर्सी पर बैठकर ज्यादातर समय किताबें पढ़ते और कुछ लिखते नजर आते हैं। इसके अलावा सेल की लॉबी में टहलते हैं साथ ही ध्यान और योग भी करते हैं। तिहाड़ जेल के अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यदि जेल पुस्तकालय में उपलब्ध है तो कैदी कोई भी किताब पढ़ सकता है। जेल मैनुअल पुस्तकालय में उपलब्ध है, इसलिए तत्काल उपलब्ध करा दिया गया। जेल अधिकारियों ने केजरीवाल की सेल में दो सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। जिससे चौबीसों घंटे उन पर नजर रखी जा सकती है। जेल भेजे जाने के बाद केजरीवाल ने जेल अधिकारियों से तीन किताबें रामायण, महाभारत, और हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड मांगी थी, जो इन्हें उपलब्ध करा दी गईं थीं। अरविंद केजरीवाल पहली अप्रैल से तिहाड़ की जेल नंबर-2 में बंद हैं। कोर्ट ने इन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री की बेल की याचिका खारिज कर दी थी।

## 'सुसाइड नोट में जिक्र मुकदमा दर्ज कराने का ठोस आधार नहीं'




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि सुसाइड नोट में किसी व्यक्ति के नाम का उल्लेख मात्र आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध के लिए मुकदमा चलाने या सजा का सामना करने का एकमात्र आधार नहीं हो सकता। अदालत ने बहू व उसके परिवार के उत्पीड़न के चलते एक व्यक्ति द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने कहा, सुसाइड नोट में केवल कुछ व्यक्तियों के नाम का उल्लेख किया गया है। कहा गया है कि वे उसकी मौत के लिए जिम्मेदार हैं। अदालत ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आरोपी और आत्महत्या करने वाले मृतक के कृत्यों के बीच कारणात्मक संबंध या निकटता स्थापित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, आरोपी के विशिष्ट कृत्य को प्रत्येक मामले की परिस्थितियों के प्रकाश में देखा जाना चाहिए। ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या इसे मामले में आत्महत्या के कारण के रूप में जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। न्यायमूर्ति ओहरी ने मृतक की पत्नी की याचिका खारिज कर दी। उनका आरोप था कि उनकी बहू सारा सामान लेकर घर छोड़कर चली गई। उसके और उसके माता-पिता के उत्पीड़न के कारण उनके पति को आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ा।

# वीडियो कॉल पर क्लिक करते ही दुकानदार के खाते से कट गए पांच लाख

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** साइबर ठग ने दुकानदार से वीडियो कॉल करते ही साढ़े पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। पैसे कटने के बाद दुकानदार ने बैंक में फोन करके खाते को सील करवा दिया। उसने बजाज फाइनेंस से बेटी का दूसरे वर्ष बीएससी कंप्यूटर साइंस में दाखिला कराने के लिए लोन लिया था। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। हरियाणा के बल्लभगढ़ स्थित गांव छांयसा निवासी मनोज ने बताया कि उनकी गांव में परचून की दुकान है। उनका केनरा बैंक में खाता है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी का दूसरे वर्ष बीएससी कंप्यूटर साइंस में दाखिला करवाना था। उसके पास दो से ढाई लाख रुपये बजट के तौर पर थे। अगर वह बजट के पैसे दाखिले में लगा देते तो उनके परिवार को आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ता। जिस पर उन्होंने बजाज फाइनेंस के कर्मचारी द्वारा लोन दिलाने की बात पर सहमति जाहिर कर दी।

बजाज फाइनेंस की ओर से उनको पांच मार्च को तीन लाख 86 हजार रुपये का लोन पास हो गया। सात मार्च को उनके पास फाइनेंस कंपनी की ओर से फोन आया कि उनकी पहली ईएमआई दो अप्रैल को कटेगी। जिसके लिए उनको इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स लीग (ईएसएल) की प्रक्रिया को पूरा करना होगा।




## अमानतुल्ला के खिलाफ ईडी ने कोर्ट का किया रुख

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आप विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी करने के लिए अदालत का रुख किया है। ईडी की ओर से राउज एवेन्यू कोर्ट में एक अर्जी दाखिल की गई है। ईडी के वकील ने कुछ दस्तावेज दाखिल करने की मांग की। अदालत ने मामले को 18 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को जारी नोटिस में उपस्थित न होने पर समन जारी किया था। कोर्ट ने उन्हें 20 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है।

# 'मैं ईडी से डरकर नहीं आया हूं, दलितों का अपमान बर्दाश्त नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बुधवार को एक बड़ा झटका लगा। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने मंत्री पद और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया की राज कुमार आनंद ने ईडी के दबाव में पार्टी का साथ छोड़ा। जिसपर राज कुमार आनंद की प्रतिक्रिया आई है। दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी से अपने इस्तीफे पर कहा कि मैं ये साफ करना चाहता हूं कि मैं ईडी से डरकर नहीं आया हूं। ईडी का जो छापा मेरे यहां पड़ा था वो मेरे आवास पर केवल शराब घोटाले की मनी ट्रेल को ढूंढने के लिए पड़ा था। ईडी ने अपने बयान में कह दिया था कि इस मामले में एक रुपये का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि ये झूठ की राजनीति पर अगर मैं भरोसा करता रहता तो आज भी मैं वहां रहता जहां पर मैं था। कल सौरभ भारद्वाज ने कहा, दलित, बेचारा, कमजोर... क्या सभी दलित कमजोर और बेचारे हैं?... मैं दलितों का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। #दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी से अपने इस्तीफे पर कहा, "...मैं ये साफ करना चाहता हूं कि मैं ईडी से डरकर नहीं आया हूं... ईडी का जो छापा मेरे यहां पड़ा था वो मेरे आवास पर केवल शराब घोटाले की मनी ट्रेल को ढूंढने के लिए पड़ा था। उधर, दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा, "सबको पता है कि राज कुमार आनंद ने क्यों इस्तीफा दिया। नवंबर में उनके घर पर 23 घंटे की रेड होती है। राज कुमार आनंद के साथ हमारी सहानुभूति है। वे बहुत दबाव में गए हैं। उन पर ईडी का दबाव था।

**ईडी से डर गए राजकुमार आनंद- सौरभ भारद्वाज**
राजकुमार आनंद के इस्तीफे पर सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'हर कोई जानता है कि उनके आवास पर ईडी की छापेमारी हुई थी। वह दबाव में थे और डर गए थे। हमें उनसे कोई शिकायत नहीं है।




### स्पष्ट किया

8 ईडी का जो छापा मेरे यहां पड़ा था वो मेरे आवास पर केवल शराब घोटाले की मनी ट्रेल को ढूंढने के लिए पड़ा था

# पैरोल जंप कर 3 साल से फरार चल रहा बदमाश गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जामिया नगर के हत्या के एक मामले में पैरोल जम्प कर पिछले तीन साल से फरार चल रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। पैरोल जम्पर बदमाश का पता लगाने के लिए अपराध शाखा की टीम ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए मतदाता कार्ड बनाने के लिए मुंबई में चुनाव अधिकारी के रूप में काम किया और उसकी पहचान कर मुंबई से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान मोहम्मद मुस्ताक के रूप में हुई है। अपराध शाखा के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 2021 में आरोपित मुस्तका और उसके दो दोस्तों का एक चाय की दुकान पर झगडा हो गया था, शिकायतकर्ता के बेटे ने इसकी जानकारी दुकान मालिक को दे दी थी।

**पांचवी मंजिल से फेंक दिया था मासूम:** जिस पर आरोपितों ने नाराज होकर शिकायतकर्ता को धमकी दी थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दुश्मनी के कारण तीनों आरोपितों ने अगले दिन शिकायतकर्ता के बेटे के पांचवी मंजिल से फेंक दिया।।ाज के दौरान मौत हो गई।


### काबू

8 आगामी लोकसभा चुनावों के लिए मतदाता कार्ड बनाने के लिए मुंबई में चुनाव अधिकारी के रूप में काम किया

# पटाई का बदला लेने के लिए युवक की ईंट और चाकू से वार कर हत्या की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मध्य दिल्ली के आईपी एस्टेट स्थित अन्ना नगर इलाके में पिटाई का बदला लेने के लिए एक युवक की ईंट और चाकू से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त नंद किशोर चौधरी (32) के रूप में हुई है। हत्या के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। बाद में क्राइम टीम व एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए। शुरूआती जांच के बाद परिजनों ने मोरी गेट स्थित मद्रासी कॉलोनी के सात-आठ लड़कों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस परिजनों का बयान लेकर जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने कुछ आरोपियों की पहचान कर ली है। उनकी तलाश में छापे मार रही है। उधर, पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार के हवाले कर दिया। आईपी एस्टेट थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, नंद किशोर परिवार के साथ आईपी एस्टेट के अन्ना नगर में रहता था। परिवार में पत्नी और तीन बच्चों के अलावा छोटा भाई चंद्रशेखर कुमार चौधरी है। नंद किशोर मूलरूप से बिहार के सुपौल के रहने वाले थे। दोनों भाइयों का लालकिला जैन मंदिर के पास कपड़ों का कारोबार है। मंगलवार रात दोनों भाई दुकान से 10 बजे घर आ गए थे। रात को खाना खाने के बाद नंद किशोर लघुशंका के लिए घर से निकले। इस बीच सात-आठ लड़कों ने घेर लिया और ईंट और चाकू से हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर चंद्रशेखर बाहर निकले तो देखा कि आरोपी उनके भाई पर हमला कर रहे थे। वह शोर मचाते हुए आरोपियों की ओर भागे तो सभी भाग निकले। जख्मी हालत में नंद किशोर को एलएनजेपी अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया गया।

चंद्रशेखर ने पुलिस को बताया है कि उनके भाई ने मरने से पहले आरोपियों के नाम उनको बताए हैं। उसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।




### जांच जारी

8 ृतक की शिनाख्त नंद किशोर चौधरी (32) के रूप में हुई है। हत्या के बाद सभी आरोपी फरार हो गए

# सेक्सटार्शन: रकम ऐंठने वाले गिरोह के ठग नूंह से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शाहदरा जिले के साइबर सेल ने सेक्सटार्शन के जरिये बुजुर्ग से रकम ऐंठने वाले गिरोह के एक ठग को हरियाणा के नूंह से गिरफ्तार किया है। गिरोह बुजुर्गों को ही अपना निशाना बनाता था। आरोपित की पहचान नूंह के गांव निवाना निवासी सचिन (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने ठग के पास से एक मोबाइल व दो सिमकार्ड बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर इसके एक अन्य साथी की तलाश कर रही है। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शाहदरा के रहने वाले एक बुजुर्ग ने साइबर सेल थाने में सेक्सटार्शन की शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके वॉट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया और उन्होंने जैसे ही फोन उठाया। एक युवती ने अश्लील हरकतें शुरू कर दी और फोन काट दिया।

**दूसरे नंबर से आया फोन और...**
बाद में दूसरे नंबर से उन्हें एक युवक ने फोन किया और कहा कि वह दिल्ली पुलिस में है। बुजुर्ग का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दी। ठगों ने बुजुर्ग को डराकर 98 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी की। एसआइ श्वेता शर्मा व अन्य की टीम बनाई। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस के जरिये आरोपित को नूंह से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह अपने पड़ोसी के साथ मिलकर ठगी की वारदात कर रहा था।

वह लोग बुजुर्गों को अपना निशाना बनाते थे, क्योंकि वह पुलिस में शिकायत करने में घबराते हैं। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कितने लोगों को अपना निशाना बनाया है।



# ओयो होटल में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा/नई दिल्ली:** नोएडा में पुलिस ने एक देह व्यापार गैंग का पर्दाफाश किया है। सेक्टर 63 क्षेत्र के बहलोलपुर क्षेत्र के एक ओयो होटल में देह व्यापार चल रहा था। गैंग में शामिल सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि बिहार समेत कई राज्यों से नौकरी के नाम पर लड़कियों को बुलाकर उनसे वेश्यावृत्ति कराई जाती थी। सात महिलाओं का रेस्कयू कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, थाना एएचटीयू और थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस टीम को लोकल इंटेलीजेंस व गापेनीय सूचना के आधार पर जानकारी प्राप्त हुई कि बहलोलपुर क्षेत्र के शीतला ओयो होटल में देह व्यापार चल रहा है। सूचना पर एसीपी प्रथम सेन्ट्रल नोएडा के नेतृत्व में एएचटीयू पुलिस टीम एवं थाना सेक्टर 63, नोएडा पुलिस टीम द्वारा उक्त ओयो होटल में छापेमारी कर देह व्यापार में शामिल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, ओयो होटल मालिक सहित कुल तीन वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के हर सम्भव प्रयास जारी है।

बताया जा रहा है कि आरोपी महिलाओं पर दबाव बनाकर उनसे वेश्यावृत्ति कराते थे। उन्हें देश के कई राज्यों से नौकरी का झांसा देकर यहां लाया गया था। ओयो होटल मालिक सुरेन्द्र यादव पुत्र किरण यादव निवासी बहलोलपुर द्वारा होटल को अनैतिक देह व्यापार में इस्तेमाल कराया जा रहा था, जिसके लिए विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### देह व्यापार

8 सेक्टर 63 क्षेत्र के बहलोलपुर क्षेत्र के एक ओयो होटल में देह व्यापार चल रहा था

# मंत्री राजकुमार आनंद के इस्तीफे से बढ़ा दिल्ली का सियासी पारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** संसदीय चुनावों की बिसात बिछने के साथ ही राजनीतिक दलों में शह और मात का खेल शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने से दिल्ली आम आदमी पार्टी और भाजपा की सियासत का अखाड़ा बनी हुई थी, ऐसे में बुधवार को कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद के पद और पार्टी छोड़ने से सियासी पारा नए सिरे से ऊपर चढ़ा है। माना जा रहा है कि अपने मंत्री के इस्तीफे और उनके अनुसूचित जाति की अनदेखी करने के आरोपों से बचाव कर पाना आप के लिए आसान नहीं होगा। इसने भाजपा के आप पर हमलावर होने की नई जमीन तैयार की है। इसमें फिर से राजनीतिक नैतिकता का सवाल भी आप के सामने खड़ा होगा। इस्तीफे के तुरंत बाद आप ने डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश भी की। आप नेताओं ने इसे भाजपा के डर और विधायकों की तोड़-फोड़ के आरोपों का प्रमाण बताया। सियासी जानकारों का मानना है कि अनुसूचित जाति कोटे से दिल्ली सरकार के मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा चुनावों से पहले आप के लिए बड़ा झटका है। इससे भाजपा को आप और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम को बल मिलेगा। खासतौर से इसलिए भी कि आनंद ने आप पर अनुसूचित जाति का विरोधी होने का आरोप लगाया है। यह इस्तीफा मुख्यमंत्री आवास में हुई उस बैठक के ठीक बाद दिया गया है, जब पूरी आप 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती को संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस के तौर पर मनाने की रणनीति तैयार कर रही थी। माना जा रहा है कि आनंद अगर शांत नहीं बैठते हैं तो आप को अपने एक बागी को जवाब देने में भी ऊर्जा लगानी पड़ेगी। साथ में अपने विधायकों की एकजुटता बनाए रखने की रणनीति पर भी काम करना पड़ेगा।

**दिल्लीवासियों को गुमराह करने और धोखेबाजी की कहानी का अंत : सचदेवा**
इस्तीफे के बाद प्रदेश भाजपा ने आप पर तीखे सवाल खड़े किए हैं। अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का आरोप है कि मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा दिल्लीवासियों को गुमराह करने और धोखेबाजी की कहानी के अंत की शुरूआत है। यह वही कहानी है, जिसे अरविंद केजरीवाल ने 2011 में अन्ना आंदोलन के साथ शुरू किया था। अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल के साथी रहे आनंद अपनी अंतरात्मा की आवाज पर सरकार से इस्तीफा देने को मजबूर हुए हैं। आप के दूसरे नेता, विधायक व मंत्री भी देर तक शांत नहीं रहेंगे। वहीं, भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि आप के मुख्यमंत्री सहित आधी सरकार जेल में है और बाकी जाने की तैयारी कर रहे हैं। जो बाहर बचे हुए हैं वे पार्टी को छोड़कर जा रहे हैं। प्रवेश वर्मा का आरोप है कि आप सरकार भ्रष्टाचारी, अनैतिक और अराजक लोगों के हाथ में है। प्रदेश भाजपा मंत्री बांसुरी स्वराज ने कहा कि राजकुमार आनंद का इस्तीफा इस बात का गवाह है कि आज आम आदमी पार्टी और खुद अरविंद केजरीवाल दिल्ली में अपना राजनीतिक विश्वास खो चुके हैं।



### घिर गई आप

8 इस्तीफे और उनके अनुसूचित जाति की अनदेखी करने के आरोपों से बचाव कर पाना आप के लिए आसान नहीं

# रै करी-कराई खोवै मतना, बीज बिघन के बोवै मतना

**काव्य गोष्ठी**

**8 मासिक काव्य गोष्ठी, मानव सेवा संघ में सुषमा चोपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सांझा साहित्य** मंच, करनाल की मासिक काव्य गोष्ठी, मानव सेवा संघ में सुषमा चोपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस काव्य गोष्ठी में मंच संचालन राधेश्याम भारतीय ने किया। सबसे पहले महेंद्रगढ़ स्कूल बस हादसे पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की गई। महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन किया गया। काव्य-गोष्ठी में कवियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी कविताएं पढ़ी। सबसे पहले रोजलीन ने अपनी कविता के माध्यम से कुछ यों कहा कि देखो जर प्यार! गुलाबी सपनों के रहस्यलोक-सा जहां। किसी बूढ़े आकाश की दाढ़ी पकड़े तितलियां झूल रही हैं, और उसके कांधों पर चढ़ी मुस्कानों की



परियां गाए जा रही हैं एक मधुर गीत जबकि आकाश साधनारत बैठा है मौन।।
इसके बाद रामेश्वर देव ने कहा कि रास्ता वो अपना बदलकर दूर कहाँ जाएगा। जब वो रहता है मेरे दिल में नजर भी आएगा।। उनके बाद थी बारी कृष्ण कुमार निर्माण की, जिन्होंने अपनी हरियाणवी गजल के माध्यम से अपना कलाम कुछ यों पेश किया कि रै करी-कराई खोवै मतना। बीज बिघन के बोवै मतना। मंच संचालन कर रहे प्रसिद्ध लघुकथाकार डॉक्टर राधेश्याम भारतीय ने अपनी लघुकथा जिसका शीर्षक ईश्वर पढ़ी तो वहीं अपनी कविता के माध्यम से मनुष्य को आगाह किया कि आओ लौट आएं अपनी सौंधी मिट्टी की ओर, जो बनती है, बिगड़ती है और फिर बनती है यही तो नियम हैसृष्टि का। गजलकार सतविंदर राणा ने कुछ यों कहा कि किसको अपना कह लें, अब किसको गैर मनाएं हम। हक की अब लिए टोकरी, किस दर टेक लगाएं हम। कल तक जिनकी गूँज इधर थी, आज उधर जा बैठे। अच्छा है अपने मत से, कुछ अच्छा कर जाएं हम। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सुषमा चोपड़ा ने कहा कि पिता वो है जो प्यार करता है पर जताता नहीं, मां की तरह अपने बच्चों को गले से लगाता नहीं, मालूम है कि उमड़ता है उसके दिल में भी प्यार, मगर दिल की बात जुबां पर कभी लाता नहीं।। उपस्थित कवियों ने कृष्ण कुमार निर्माण की पुस्तक प्रसंगवश प्रकाशित होने पर उनको बधाई भी दी। साहित्यकारों ने सुझाव दिया कि भविष्य में पुस्तक चर्चा पर भी विचार गोष्ठी रखने, किसी पुर्व निर्धारित विषय अथवा शीर्षक पर भी साहित्यिक कार्यक्रम रखने पर भी सहमति बनी। इस काव्य-गोष्ठी में ईश्वर सिंह खटक, परमजीत सिंह और हवा सिंह कुंडू भी उपस्थित रहे।

# 4 किलो गांजा सहित यूपी निवासी नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम बुधवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान छाजपुर गांव के अड्डा पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक यूपी कैराना की और से बाइक पर सवार होकर मादक पदार्थ लेकर बेचने के लिए कुराड़ फार्म के पास आएगा। पुलिस टीम ने कुराड़ फार्म के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात संदिग्ध किस्म का एक युवक स्प्लेंडर बाइक की टंकी पर प्लास्टिक का कट्टा रखे यूपी की तरफ से आते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने बाइक को नाका पर रूकवाकर युवक से पूछताछ की तो उसने



अपनी पहचान इसरार पुत्र मुस्तफा निवासी कैराना यूपी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार बापौली कैलाश चंद्र की मौजूदगी में युवक की बाइक पर रखे प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 4 किलो पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पानीपत आसपास के क्षेत्र में गांजा बेचकर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाना चाहत था। उक्त गांजा आरोपी ने करीब 5 दिन पहले उड़ीसा में एक अज्ञात युवक से कम कीमत पर खरीदकर लाने बारे स्वीकारा।

## न्यूज फ्लैश


### हरियाणा कांग्रेस ने स्कूल बस हादसे पर गहरा दुख जताया, व्यक्त की संवेदना

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**

**नारनौल। नारनौल के उनहानी** गांव के पास स्कूल बस के दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में कई बच्चों की दुःखद मौत पर हरियाणा कांग्रेस ने गहरा दुख प्रकट किया है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह दिल दहला देने वाला हादसा है। परमात्मा परिवारजनों को ये दुःख सहने की क्षमता दे और दिवंगत को अपने चरणों में स्थान दें। उन्होंने चोटिल छात्रों के जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि हादसे के पीछे ड्राइवर के शराब पीने समेत कई तरह की लापरवाहियों की खबरें सामने आ रही हैं। सवाल यह भी है कि ईद की छुट्टी के बावजूद बस बच्चों को लेकर क्यूं और कहां जा रही थी। इसलिए पूरे मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने भी पीड़ित नौनिहालों व परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हादसे की खबर से पूरा देश सन्न रह गया। परिजनों के लिए निश्चित ही यह बेहद दुख की घड़ी है। वो भगवान से परिवारजनों और घायल बच्चों के लिए प्रार्थना करते हैं। साथ ही सरकार से आग्रह करते हैं कि स्कूल बसों की सुरक्षा को पूरी तरह रिव्यू किया जाए ताकि भविष्य में ऐसा कोई हादसा पेश ना आए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। उनकी शोक-संवेदनाएं उन तमाम पीड़ित परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपने बच्चों को दर्दनाक हादसे में खोया है। साथ ही वह सरकार से मांग करते हैं कि घायल बच्चों के इलाज के लिए तमाम जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच, दिवंगतों के परिवारजनों व घायलों के लिए उचित मुआवजे की मांग भी उठाई है। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि उनहानी गांव के पास हुई दुर्घटना में कई बच्चों की दुःखद मृत्यु और कई बच्चों के घायल होने का समाचार सुनकर मन विचलित है। ईश्वर से प्रार्थना है कि इस हादसे में घायल बच्चों को जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। राज्य सरकार व स्थानीय प्रशासन से अनुरोध है कि पीड़ित परिवारों एवं सभी घायलों को मुफ्त उपचार सहित हर संभव मदद मुहैया कराएं। इस दुर्घटना को देखते हुए उन्होंने आज के अपने चुनाव प्रचार कार्यक्रम को स्थगित कर दिया।

### भाजपा अर्बन मंडल कार्यकारिणी का हुआ गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। भारतीय जनता** पार्टी ने अर्बन मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने अपनी करनाल अर्बन मंडल की कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। अर्बन मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता जो कि पहले भी इसी मंडल के अध्यक्ष रह चुके हैं। पार्टी ने उनकी कार्य कुशलता को देखते हुए फिर से उन्हें यह जिम्मेदारी दी है। अर्बन मंडल की इस कार्यकारिणी में रमेश गिल रवि वत्स जी को महामंत्री बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी अलका चौधरी, गौरव खुराना, पुष्पेंद्र मालिक, सुरेश जागलान, विष्णु शर्मा संजीव बजाज को दी गई है और इसी के साथ-साथ श्वेता मेहता, किशन सिंह राणा और ईशम सिंह को सचिव और दीपक बरेजा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### पड़ोसी राज्यों के कर्मचारी मतदाताओं के लिए मतदान के दिन रहेगा पेड होलीडे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह बताया कि राज्य सरकार ने 18वीं लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर सरकार ने पड़ोसी राज्यों के मतदाता जो राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में कार्यरत है, को वोट डालने के लिए पेड होलीडे देने की घोषणा की है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों, निगमों के अलावा
और उनका वोट अपने राज्य में बना हुआ है तो ऐसे कर्मचारियों के लिए उन तिथियों को पेड होलीडे के रूप में नामित किया गया है। उत्तर प्रदेश में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 01 जून, 2024 तथा उत्तराखंड में 19 अप्रैल, राजस्थान में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल, एनसीटी दिल्ली में 25 मई , हिमाचल प्रदेश में 01 जून, पंजाब एवं यूटी चंडीगढ़ में 01 जून, 2024 को लोकसभा आम चुनाव होने हैं।

# ई-रिक्शा घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः जी टी रोड** स्थित एक रेस्तरा में पंचायत समिति सदस्यों ने पंचायत समिति फंड से खरीदी गई ई-रिक्शा घोटाले को लेकर बैठक की। बैठक में सभी सदस्यों ने ई-रिक्शा घोटाले की निंदा करते हुए सरकार से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सदस्यों का आरोप है कि हमने अपने स्तर पर इस रिक्शा सप्लाई कम्पनी से रिक्शा के रेट की तसल्ली की तो कम्पनी ने 86 हजार रुपए में रिक्शा देने की बात की थी, इनके अनुसार प्रत्येक रिक्शा में 1 लाख 13 हज़ार रुपए का घोटाला हुआ। समिति सदस्यों ने बताया की चेयरमैन ब्लाक समिति



के कुछ सदस्यों के साथ भी भेदभाव करते हैं, अपने चहेतों के वार्डों में तो 40-50 लाख तक के कार्य करवा चुके हैं जबकि कुछ वार्डों में 50 पैसे के भी कार्य नहीं हुये हैं। सदस्यों ने कहा कि भेदभाव को दूर करने हेतू एवं घोटालों की रोकथाम के लिए सदस्यों ने सरकार से मांग की है कि समिति के कुल बजट को सभी सदस्यों में बराबर बांटा जाए। सभी सदस्यों को अपने-अपने वार्डों में विकास कार्य करवाने की पावर दी जाए। सदस्यों ने आरोप लगाया कि वे उन्हें चेयरमैन बनाना ही नही चाहते थे लेकिन जबरदस्ती राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते उन्हें स्वीकार करना पड़ा।
बैठक में सभी सदस्यों ने ब्लॉक ऑफिस में होने वाली पंचायत समिति की बैठक के बहिष्कार का निर्णय भी लिया। बैठक में पंचायत समिति गन्नौर के सदस्य बादल पहलवान पांची जाटान, अरुण शर्मा बड़ी, नीरज त्यागी घसौली, सोनू बेनीवाल शेखपुरा, प्रवीण कुमार अहीरमाज़रा, रामू बाय, राजेश पुरखास, संदीप पहल गुमड़, संदीप गुलिया पुरखास, अनिल कुमार भोगीपुर,अजय त्यागी शाहपुर तगा, प्रदीप त्यागी अगवानपुर एवं रामनिवास गढ़ी झंझारा आदि मौजूद थे।

# ईद-उल्ल-फितर का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौर। क्षेत्र में बृहस्पतिवार** को ईद-उल्ल-फितर का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। मुस्लमान भाईयों ने मस्जिद में पहुंचकर नमाज अताकर एक दुसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने समाज के लोगों को ईद की शुभकमनाएं दी। शर्मा ने कहा कि भारत की सभ्यता व संस्कृति लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। यहां मिलकर रहना प्यार करना यही धर्म है, यही इंसानों का ईमान है। यह मौका मिलजुल कर रहने का है। राम, मोहम्मद, ईसा, नानक सब ही महान हैं। मुस्लिमों का यह त्योहार हमें आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश देती है। हम सभी को इस त्योहार के मुख्य उद्देश्य को नहीं भुलना चाहिए जो हमें आपसी एकता व मानवता की सीख देती है।

# हादसों को न्यौता दे रहे हैं जगह-जगह खुले पड़े मैनहाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शहर में कई** जगहों पर बने क्षतिग्रस्त मैनहोल हादसों को न्यौता दे रहे हैं। सड़कों पर खुले व ऊंचे मैनहोल जगह-जगह देखे जा सकते है। कई स्थानों से ढक्कन गायब तो कहीं ढक्कन क्षतिग्रस्त हालत में है। बादशाही रोड पर बिजली निगम कार्यालय के निकट बीचों-बीच सीवर का ढक्कन पिछले कई दिनों से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में है। विभाग इस समस्या का समाधान करने की बजाय मुकदर्शक बना हुआ है। खुले मैनहाल पर ढक्कन न लगवाकर जनस्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग के अधिकारी शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार में है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन



से व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। इस बारे में एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि उनके संज्ञान में टूटे मैनहाल का मामला नहीं आया है। हालांकि पिछले दिनों संबंधित विभाग को सख्त निर्देश दिए गए थे कि सभी नालों की सफाई करवाने के साथ-साथ शहर में मैनहाल या सीवर के जो भी ढक्कन टूटे हुए हैं, उनको तुरंत ठीक किया जाए।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 100 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग डालेंगे वोट

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया के दिशा निर्देशन पर जिला में स्वीप कार्यक्रम बड़े जोर शोर से चलाया जा रहा है जिसके तहत युवाओं के साथ-साथ 100 वर्ष की आयु पार कर चुके बुजुर्ग भी इस स्वीकृत कार्यक्रम में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। स्वीप कार्यक्रम से जुड़े निर्वाचन कार्यालय की ओर से डॉ हितेश चंद्र ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त पंकज यादव ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को फील्ड में उतरने के निर्देश दिए हैं जिसके तहत युवाओं के साथ-साथ



100 वर्ष की आयु पार कर चुके बुजुर्ग भी अपने अनुभव से दूसरों को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। जलमाना गांव के 105 वर्षीय धर्मवीर सिंह और रासलापुर के 124 वर्षीय लख्खी शेख ने बताया कि वे हमेशा से ही पूरी उमंग के साथ अपने मतदान का प्रयोग करते आए हैं इसी तरह युवाओं को भी इसमें बजट कर भाग लेना चाहिए। हितेश चंद्र ने बताया कि गांव में जाकर इन बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित भी किया जा रहा है ताकि यह युवाओं के लिए आइकन बन सके। युवा मतदाता, फर्स्ट टाइम वोटर, हंड्रेड प्लस वोटर्स, सीनियर सिटीजन को जिले में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए 25 मई 2024 को अनिवार्य मतदान लोकतंत्र के पर्व को देश के पर्व के रूप में, मतदाता दिवस के रूप में, वोट डालकर मनाना है और जिला में ज्यादा से ज्यादा मतदान को बढ़ाना है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्मदिन मनाया

**खरखौदा/सोनीपत**
**सोमपाल सैनी**

**खरखौदा : गुरुवार** को रोहतक रोड पर महात्मा ज्योतिंबा फुले समाज उत्थान समिति द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले स्मारक में हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन बड़े ही मनाया गया । इस अवसर पर हवन किया गया व महात्मा ज्योतिबा फुले व बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया व प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सैनी सभा के प्रधान श्याम पाल सैनी, हीरालाल, जिले सिंह, मदन, मोहन सैनी, विजेंद्र सैनी, दिलीप सिंह, रिंकू सैनी, जगदीश सैनी, सीताराम सैनी, मदन फोटोग्राफर, जोगिंद्र, राजकुमार सैनी, सुबह सिंह सैनी, हरिराम सैनी, राजेंद्र सैनी व समाज के अन्य गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नारनौलः महेंद्रगढ़ जिले के कनीना** में उन्हानी के पास सडक हादसा हो गया, हादसे में 6 बच्चों की मृत्यु हो गई। जीएल पब्लिक स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी, बस ड्राइवर ने शराब पी हुई थी, ओवरटेक करते समय बस पेड़ से टकराकर पलट गई, इस हादसे में बस में बैठे बच्चे घायल हो गए। हादसे में घायल बच्चों को पब्लिक द्वारा और कुछ को एंबुलेंस द्वारा हॉस्पिटल पहुंचाया गया। बस चालक को पब्लिक द्वारा मौके से काबूकर पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस द्वारा बस चालक का मेडिकल कराया गया। ड्राइवर ने शराब का सेवन किया हुआ था, शराब के नशे में चालक बस चला रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान डीएसपी मोहिंद्र सिंह और डीएसपी हरदीप सिंह भी मौजूद रहे। एसपी ने मौके पर स्थिति का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करें और आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके बाद एसपी ने हादसे में मृतक बच्चों के परिजनों से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। दक्षिण रेंज आईजी राजेंद्र कुमार भी कनीना पहुंचे और घटनास्थल का दौरा किया। आईजी ने कहा कि मामले की बारीकी से जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा-निर्देशों में मामले में कार्रवाई के लिए सीआईए महेंद्रगढ़, साइबर सेल और थाना शहर कनीना की टीमों का गठन किया गया। एसपी निर्देशानुसार गठित टीमों ने बस चालक धर्मेंद्र वासी सेहलंग को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद टीमों ने छापामारी करते हुए स्कूल प्रिंसिपल दीप्ति वासी कनीना को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी होशियार सिंह वासी कनीना स्कूल के सचिव को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

**मसीहा बनकर आए खरकड़ा बास के शमशेर व नरेश**

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना के मुखिया नरेश कौशिक अपने ड्राइवर शमशेर के साथ दुर्घटना का शिकार हुई बस के पीछे पीछे कनीना आ रहे थे। उनकी आंखों के सामने ही यह भयंकर दुर्घटना घटित हुई। नरेश कौशिक के चालक ने सबसे पहले घायल बच्चों को बस से बाहर निकलना शुरू किया तब तक यूरो स्कूल का स्टाफ भी मौके पर पहुंच गया और यूरो स्कूल की बसों में घायल बच्चों को विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया।

# 'ई-रिक्शा खरीद में गड़बड़ी मिली तो नहीं बख्शे जाएंगे जिम्मेदार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: पंचायत विभाग में** कूड़ा उठान के लिए ई-रिक्शा खरीद में हुई गड़बड़ी के मामले में विधायक निर्मल चौधरी ने संज्ञान लिया है। विधायक ने कहा कि उन्होंने मामले की जानकारी ली है। खरीद में गड़बड़ी की सीएम फ्लाइंग की टीम जांच कर रही है। यदि जांच में कोई भी अधिकारी दोषी पाया गया तो निश्चित तौर पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि किसी भी विभाग में यदि भ्रष्टाचार होता है तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार व जनता के रुपयों का दुरुपयोग करने वालों को बख्शा



नहीं जाएगा। वहीं पंचायत समिति सदस्यों ने भी ई-रिक्शा घोटाले की निंदा की। पंचायत समिति के सदस्यों ने सरकार से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# किसानों के धरने पर पहुंचे कांग्रेस नेता ने समर्थन देते हुए 1 लाख 51 हजार राशि का सहयोग दिया

**मराईः बहालगढ़ चौक** पर वीरवार को आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल के नेतृत्व में काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। इस दौरान जयभगवान आंतिल ने भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और किसानों के साथ की जा रही वायदा खिलाफी की जमकर आलोचना की। इसके बाद जयभगवान आंतिल सैकड़ों ग्रामीणों के साथ नाहरा गांव में चल रहे किसानों के धरने पर पहुंचे और किसानों के पक्ष में समर्थन दिया। जयभगवान आंतिल ने कहा कि



किसान देश की धरोहर है। जिस प्रकार सरकार किसानों पर तानाशाही से पेश आ रही है यह किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वह किसानों की हर प्रकार की मदद के लिए तैयार हैं। जयभगवान आंतिल ने किसानों के धरने पर 1 लाख 51 हजार रूपए सहयोग के लिए देते हुए हर प्रकार की मदद करने का आश्वासन दिया है। नाहरा गांव में पावर ग्रिड लाइन के विरोध में आयोजित किसान पंचायत में पहुंचे जयभगवान आंतिल ने कहा कि किसान की जमीन पर किसानों की बगैर अनुमति व उचित मुआवजे के पावर ग्रिड लाइन बिछाना गलत है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों

# अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में वोट की शक्ति के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः अपोलो इंटरनेशनल** स्कूल बड़ी में छात्रों के बीच रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और एक वोट की शक्ति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आज आयोजित की गई। जिसमें कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों ने पोस्टर बनाकर अपनी दक्षता दिखाई। नारा लेखन में कक्षा आठवीं से दसवीं के छात्रों ने लिखकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कक्षा छठी और सातवीं की छात्रों ने अपनी अभिभावकों के लिए एक पोस्ट कार्ड बनाया। जबकि कक्षा तीसरी और चौथी ,पांचवी के छात्रों ने व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारीग में भाग लेकर अपने मतदाता को जिताकर प्रतियोगिता की श्रृंखला में चार - चांद लगा दिए।

प्रतियोगिता के श्रृंखला के महत्व के बारे में बताते हुए प्राचार्या रजनी शर्मा ने सभी छात्रों को कहा कि हमें लोगों को वोट देने के लिए जागरूक करना चाहिए। उनके वोट के महत्व को बताकर उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। इस शुभ अवसर पर को ऑर्डिनेटरअनीता यादव व सभी अध्यापक मौजूद थे।

# एलआईसी में करियर विषय पर हुआ विस्तार व्याख्यान का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः आर्य कॉलेज के वाणिज्य** विभाग द्वारा एलआईसी में करियरह्व विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर सुरेंद्र मल्होत्रा और नवीन डुडेजा ने शिरकत की। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधु गाबा ने मुख्य वक्ता का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता सुरेंद्र मल्होत्रा ने बताया कि जब कोई एलआईसी में एजेंट बन जाता है, तो वह यह



सीखना शुरू कर देता है कि सफल करियर कैसे बनाया जाए। उनकी ऐसे व्यक्तियों से मुलाकात होती है जो उन्हें आगे बढ़ने में मदद करते है और वे अपनी नौकरी से संबंधित किसी भी चीज के बारे में बात कर सकते हैं। वे इस बारे में भी बात करते हैं कि बीमा उद्योग में सफल होने के लिए संगठन उनसे क्या अपेक्षा करता है। एजेंटों के लिए अपना करियर बढ़ाने का एक और तरीका है, प्रबंधक बनना।

# कांग्रेस राम की शक्ति को नहीं जानती: सीएम शर्मा

## मुख्यमंत्री ने कहा कि बांसवाड़ा में कांग्रेसी ही पंजे (कांग्रेस चुनाव चिन्ह) का विरोध कर रहे हैं, इसलिए, कांग्रेस में से भी राम निकल गए

**तंज कसा**

**8 कांग्रेस में कोई कहता है मैं चुनाव नहीं लड़ना चाहता था। कोई कहता है कि जबरदस्ती चुनाव लड़ा दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**भरतपुर:** भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के समर्थन में सभा करने कठूमर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर जमकर तंज कसे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांसवाड़ा में कांग्रेसी ही पंजे (कांग्रेस चुनाव चिन्ह) का विरोध कर रहे हैं। इसलिए, कांग्रेस में से भी राम निकल गए। कांग्रेस में कोई कहता है मैं चुनाव नहीं लड़ना चाहता था। कोई कहता है कि मुझे जबरदस्ती चुनाव लड़ा दिया। टिकट वापस हो गए। कठूमर विधानसभा में गुरुवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इसमें अलवर, भरतपुर और डीग जिले के नेता मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने रामलला को काल्पनिक बताया, इसलिए कांग्रेस से राम चले गए। बांसवाड़ा में खुद कांग्रेस हाथ के पंजे का विरोध कर रही है। कांग्रेस ने गरीबी हटाने का सिर्फ नारा दिया जबकि इनका कांग्रेस से कोई नाता नहीं। कांग्रेस राम की शक्ति को नहीं जानती। इसलिए कांग्रेस में से भी राम निकल गए। बांसवाड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी ने फॉर्म भर दिया। केंद्र की कांग्रेस कह रही है कि फॉर्म वापस लीजिये। प्रत्याशी फॉर्म वापस लेने से मना कर रहा है। जब प्रत्याशी ने फॉर्म वापस नहीं लिया तो कांग्रेस अपने हाथ का ही विरोध कर रही है। राम को काल्पनिक बताने वाले लोगों से राम निकल चुके हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की राष्ट्रीय संस्कृति को मजबूत करने का काम किया है। हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ाने का काम किया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले इस देश की स्थिति क्या थी। कांग्रेस की सरकार में आये दिन घोटाले होते थे। लोगों के मन में यह जिज्ञासा पैदा होने लग गई की इस देश का क्या होगा। यही नहीं आए दिन आतंकी आते थे किसी बड़े शहर में बम फोड़कर चले जाते थे। 2014 के बाद ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आतंकियों को उनके घर में सबक सिखाने का काम किया। कांग्रेस हमेशा

## कमल परिवार की सोच के साथ देश के विकास में भागीदार बनें: अर्जुनराम मेघवाल

**डबल इंजन**

**8 क्षेत्र की जनता की बदौलत ही आज वे बीकानेर की पैरवी देश की सबसे बड़ी पंचायत में कर रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर:** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने सुरपुरा, सलूण्डिया, अणखीसर, धुपालिया, जैसलसर, मैनसर, बग्नेऊ, गजसुखदेसर क्षेत्र का दौरा किया। जनसंपर्क के दौरान अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हमारा परिवार कमल परिवार की सोच के साथ हम सभी को देश के विकास में भागीदार बनना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की बदौलत ही आज वे बीकानेर की पैरवी देश की सबसे बड़ी पंचायत में कर रहे हैं। लोगों के आशीर्वाद से तीन बार क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का मौका मिला है। जनता के उत्साह और स्नेह को देखकर लगता है कि इस बार जनता ओर अधिक प्यार मतों के रूप में मुझे देकर संसद भेजेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सूरज अस्त हो रहा है। कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। जबकि भाजपा और मोदी ने देश की जनता के साथ किया प्रत्येक वादा निभाया है। इससे जनता में भाजपा के प्रति विश्वास और अधिक प्रगाढ़ हुआ है। पूर्व विधायक बिहारीलाल विश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। प्रदेश की जनता ने राजस्थान में भाजपा को बहुमत दिलाया है। अब डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

## फास्ट न्यूज

### प्रशिक्षण में 60 कर्मचारी रहे गैरहाजिर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण जारी है। गुरुवार को अवकाश के दिन भी दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान 60 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने इस मामले में गैरहाजिर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सिविल लाइन में कांठ रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक (पुरुष) एवं राजकीय पॉलिटेक्निक (महिला), में दो पालियों के दौरान कर्मचारियों ने मतदान के लिए प्रशिक्षण हासिल किया। दोनों पालियों में कुल 546 पीठासीन अधिकारियों की तुलना में 530 पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान 16 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे। कुल 546 प्रथम मतदान अधिकारियों की तुलना में 532 प्रथम मतदान अधिकारी उपस्थित रहे। 14 प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। 546 द्वितीय मतदान अधिकारियों में 532 ही मौजूद रहे। इस दौरान 14 द्वितीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। 548 तृतीय मतदान अधिकारियों में से 530 लोग मौजूद रहे। 16 तृतीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में 2122 कर्मचारी उपस्थित पाए गए।

### माता विशालाक्षी मंदिर में श्रृंगार सामग्री अर्पित होगी

**वाराणसी:** वासंतिक चैत्र नवरात्र में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास प्रतिदिन एक नई सकारात्मक पहल कर रहा है। इसी श्रृंखला में मंदिर न्यास ने काशी में स्थित शक्तिपीठ माता विशालाक्षी की श्रृंगार सामग्री श्री काशी विश्वनाथ धाम से अर्पित करने का निर्णय लिया है। न्यास ने हाल ही में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर द्वारा वाराणसी एवं प्रांतर क्षेत्र के अन्य मंदिरों में भी सनातन पूजा पाठ में सहभाग के संबंध में पहल की आवश्यकता रेखांकित की थी। इसी क्रम में यह श्रृंगार समर्पण की पहल प्रारंभ की जा रही है। गौरतलब हो कि बाबा का ज्योतिर्लिंग तथा शक्तिपीठ सन्निकट स्थित हैं। इस सुयोग के दृष्टिगत न्यास ने यह पहल की है कि इस नवरात्र से प्रारंभ कर प्रत्येक नवरात्र पर्व पर देवी के समस्त सोलह श्रृंगार एवं पर्व वस्त्र का समर्पण ज्योतिर्लिंग पीठ से काशीपुराधिपति श्री विश्वनाथ महादेव द्वारा किया जाय। यह सनातन धर्म के शैवङ्मशाक्त मत की अभिन्नता के प्रकटीकरण का एक सुंदर दृष्टांत होगा।

## लोस चुनाव: रायबरेली में कांग्रेस की 'डिले टैक्टिस



**विरोधी पर नजर**

**8 रायबरेली में उम्मीदवार घोषित करने में पार्टी अब किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** भाजपा की चुनावी चाल से सतर्क कांग्रेस अब डिले टैक्टिस पर काम कर रही है। रायबरेली में उम्मीदवार घोषित करने में पार्टी अब किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं है। यह जरूर है कि विरोधी खेमे पर नजर रखते हुए कांग्रेस जमीनी तैयारी में जुट गई है। दिल्ली से मिले संकेत के बाद बूथ स्तर तक बैठकों का दौर तेजी से चल रहा है। माना जा रहा है कि प्रियंका वाड्रा गांधी की यहां से उम्मीदवारी तय है और इंतजार केवल भाजपा के पत्ते खुलने का है। रायबरेली में कांग्रेस की रणनीति यह है कि वह भाजपा की पहल का इंतजार करे, इसलिए वह डिले टैक्टिस अपना रही है। कांग्रेस की रणनीति यह है कि इसके लिए भाजपा के पास ज्यादा समय न रहे।' दिल्ली से मिले खास संकेतों से कांग्रेस के स्थानीय कार्यकताओं में जोश व उत्साह है। सोशल मीडिया से लेकर पार्टी के संगठन में बैठकों का दौर जारी है। मजेदार बात यह है कि एक सप्ताह पहले तक ढीले बैठे नेता भी खासा सक्रिय हैं और बूथ स्तर की बैठकें ले रहे हैं। कांग्रेस के पांच न्याय और पच्चीस गारंटी की बात जमीनी कार्यकर्तों को बताई जा रही है और रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के करीब 1800 बूथों पर पहुंचने की कवायद है। महत्वपूर्ण बात है कि इन सभी की निगरानी पार्टी के बड़े नेताओं द्वारा की जा रही है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे मंगलवार को रायबरेली में थे और उन्होंने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया व अहम बैठक भी ली। इसके अलावा भी कई नेता भी कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताअें से फीडबैक ले रहे हैं।

## विक्षोभ से सहमा पारा: राजस्थान में गर्मी के तेवर नरम



**बारिश हुई**

**8 जिलों में तेज गर्मी रही। दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के जिलों में बादल छाए और हल्की बारिश हुई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राजस्थान में कल से मौसम बदला हुआ है। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में तेज गर्मी रही। दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के जिलों में बादल छाए और हल्की बारिश हुई। बाड़मेर और जैसलमेर में कल सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां पारा सीजन में पहली बार 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। अलवर, जयपुर, चूरू समेत कुछ जगहों पर हल्की बारिश के बाद तापमान गिरा। यहां लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम केन्द्र जयपुर ने 13 अप्रैल को एक स्ट्रॅान्ग सिस्टम आने से पश्चिमी राजस्थान में अंधड़ चलने की आशंका जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने 13 और 14 अप्रैल को चौदह जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए प्रशासन को सतर्क किया है। प्रदेश में अगले दो-तीन दिन गर्मी के तेवर नरम रहने वाले हैं। प्रदेशवासियों को झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिलना तय है। मौसम विभाग ने दो-तीन दिन विक्षोभ के असर से प्रदेश के पूर्वी इलाकों में अंधड़ और बारिश का दौर सक्रिय रहने का अलर्ट दिया है। बीती रात जयपुर समेत कई जिलों में रात के तापमान में तीन चार डिग्री तक गिरावट होने पर मौसम में ठंडक महसूस हुई है। बीते 24 घंटे में जयपुर समेत कई जिलों में तेज अंधड़ के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। धौलपुर जिले के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि से फसलों को खासा नुकसान हुआ। मौसम विभाग ने आज कोटा, जयपुर, भरतपुर और उदयपुर संभाग में कहीं कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 13 और 14 अप्रैल को पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, जैसलमेर, जालोर, जोधपुर, नागौर, हनुमानगढ़, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, जयपुर, भरतपुर में 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से अंधड़ चलने की आशंका है।

## आक्रोशित गद्दी समुदाय ने किया चुनावों में उतरने का ऐलान

**धर्मशाला:** हिमालयन गद्दी यूनियन हिमाचल प्रदेश के राज्य मुख्य वक्ता रमेश भोला ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा भाजपा-कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इन दोनों दलों की सरकारों ने इस समुदाय को हमेशा वोट बैंक के रूप में ही इस्तेमाल किया जबकि उनकी मांग को लेकर कोई कदम नही उठाया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही गद्दी समुदाय की सात उपजातियों के नेताओं व विभिन्न मंचों के खिलाफ भी आक्रोश जताया है। उन्होंने लगातार वंचित उपजातियों का शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वह चुनावी मैदान में उतरेंगें।

## फसल नुकसान की भरपाई करेगी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल: मप्र के अलग-अलग** जिलों में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण खरीदी केन्द्रों पर गेहूं भीगने के समाचार सामने आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ओलावृष्टि और गेहूं खरीदी को लेकर प्रशासन को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को हुए फसल नुकसान की भरपाई की जाएगी। वे इस मामले को लेकर गंभीर हैं। हमारी सरकार किसानों को मदद के लिए प्रतिबद्ध है। हमने इस संबंध में चुनाव आयोग को लिखा है। मुआवजा देना होगा तो देंगे। किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए जो भी कदम उठाने होंगे हम उठाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ओलावृष्टि और गेहूं खरीदी को लेकर प्रशासन को निर्देश दिये है। किसी भी जिले में जनहानि, पशुहानि या किसी प्रकार का नुकसान होगा तो सरकार उसके प्रति गंभीर रहेगी। उसकी क्षतिपूर्ति करने के लिए मुआवजा दिया जाएगा, प्रदेश सरकार इसके लिए कृत संकल्पित है। डॉ यादव ने कहा कि गेहूं को कवर्ड परिसर में रखने के निर्देश जारी किये गए हैं। 80% अनाज पहले से कवर्ड परिसर में है, लेकिन जो ओपन में है, उसको भी सुरक्षित करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने निर्देश जारी किए हैं। गेहूं की जो फसल आ रही है, उसकी चमक कमजोर थी।

## राकेश टिकैत ने बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन



**भगवान दर पर**

**8 वर्तमान सरकार इस देश के किसानों को मजदूर बनना चाहती है। बिहार को तो पूरा मजदूरों का राज्य बना दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने गुरूवार को किसानों के बहाने सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार इस देश के किसानों को मजदूर बनना चाहती है। बिहार को तो पूरा मजदूरों का राज्य बना दिया है। शहर में आए राकेश टिकैत ने श्री काशी विश्वनाथ दरबार में विधिवत हाजिरी लगाने के बाद पत्रकारों से भी बातचीत की। भगवा रंग की पगड़ी बांधे किसान नेता से इसको लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह रंग सबका है। हर समाज व संत-महात्माओं का भी है। लोकसभा चुनाव में किसके साथ रहेंगे के सवाल पर टिकैत ने कहा कि हम किसी के साथ नहीं हैं। जिसको जहां इच्छा है वे उसे अपना वोट दें। हमारे आंदोलन में दोनों लोग रहते हैं। उन्होंने एक सवाल के जबाब में कहा कि पूर्वांचल में संगठन को और मजबूत करने के लिए कार्यकताओं को जोड़ा जा रहा है। इसके पहले बुधवार को जनपद चंदौली के सकलडीहा पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत का भारतीय किसान यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों ने स्वागत किया। रात लगभग 08 बजे यूनियन कार्यालय में चौधरी राकेश टिकैत,राष्ट्रीय सचिव राजवीर सिंह जादौन, युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह ने मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप तिवारी के नेतृत्व में मौजूद पदाधिकारियों संग बैठक की।

## इबादत: ईदगाह पहुंच खुदा के आगे झुके हजारों सिर



**टीम एक्शन इंडिया**

**औरैया:** रमजान के एक महीने के रोजे के बाद भाईचारे का सन्देश देने वाला खुशियों का पर्व ईद उल फितर जनपद में बड़े ही हर्षोल्लास और खुशी के साथ मनाया गया। इस मौके ईदगाह में ईद की नमाज अता करने के लिए हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंचे। नए-नए कपड़े पहनकर पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह पहुंचकर रब के आगे अपने सिर को झुकाकर ईद की नमाज अता की। इस दौरान नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन की दुआएं मांगी तथा एक दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारकबाद देकर खुशियां बांटी। खुशियों का पर्व ईद बड़े ही हर्सोल्लास एवं पुरसुकून माहौल में मनाया गया। सुबह से ही लोग ईदगाह में नमाज अता करने की तैयारियों में व्यस्त हो गए। ईदगाह जाने वाले रास्तों में नमाजियों की काफी भीड़ भाड़ देखने को मिली। वहीं छोटे छोटे बच्चों ने भी ईदगाह पहुंच कर वहां लगे मेले से खेल खिलौने खरीदे और ईद का जमकर लुत्फ उठाया। पवित्र माह रमजान के तीस रोजे पूरे होने के बाद बुधवार को ईद का चांद नजर आया और गुरुवार को ईद का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय में कई दिन पहले ही ईद की तैयारियां शुरू हो गईं थी। गुरुवार को ईद के दिन खुशी का माहौल देखने को मिला। इस दौरान जनपद की जमालशाह स्थित ईदगाह में शहर काजी सैय्यद गुलाम अब्दुस्समद चिश्ती ने साढ़े सात बजे ईद की नमाज अता कराई। फफूंद नगर की बाईपास स्थित ईदगाह में सैय्यद नवाज अख़्तर चिश्ती ने आठ बजे, जामा मस्जिद आस्ताना आलिया में कारी सैय्यद मन्जर चिश्ती ने साढ़े आठ बजे तथा चपटा स्थित ईदगाह में मौलाना सैय्यद मुजफ्फर चिश्ती ने साढ़े सात बजे और बाबा का पुर्वा स्थित ईदगाह में मौलाना कारी राशिद ने आठ बजे अमन व सादगी के साथ ईद की नमाज अता कराई।

## घोटालों संबंधी वायरल वीडियो बढ़ा रहे बसपा प्रत्याशी का सिर दर्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**बिजनौर:** लोगों से कई हजार करोड़ का घोटाला करने वाले बिजनौर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे विजेंद्र सिंह के विरुद्ध घोटाले की हो रही वीडियो वायरल के बाद उनकी तकलीफें बढ़नी शुरू हो गई है ।

वीडियो वायरल होने के बाद जनता में तरह-तरह की बातें की जा रही हैं। जो प्रत्याशी चुनाव से पहले ही आम लोगों के साथ इतना बड़ा घोटाला कर चुका हो, वह चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के काम कैसे आ सकता है वहीं बसपा पर भी एक घोटालेबाज को टिकट देने के आरोप लग रहे हैं । उल्लेखनीय है कि बाइक बोट घोटाले के नाम से चर्चित मामले में विजेंद्र सिंह का नाम भी शामिल रहा है। यह घोटाला लगभग 15000 करोड़ से अधिक का बताया गया था जिसके खुलने के बाद एक मुख्य आरोपी पकड़ा गया था जो जेल में है तथा विजेंद्र सिंह फरार होकर विदेश जाने में सफल रहे थे।

## दौसा लोकसभा सीट प्रतिष्ठा की सीट बनी

**रोमांचक**

**8 बीते दिनों यहां यूपी के मुखिया सीएम योगी ने भाजपा के कन्हैया लाल के पक्ष में एक जनसभा की थी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**दौसा:** दौसा लोकसभा सीट राजनीतिक गणित के हिसाब से प्रतिष्ठा की सीट बनी हुई है। यही वजह है कि यहां लगातार बड़े नेताओं के दौरे हो रहे हैं। बीते दिनों यहां यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने लालसोट में भाजपा के कन्हैया लाल के पक्ष में एक जनसभा की थी। वहीं बुधवार को राजस्थान के मुखिया भजनलाल भी सिकराय में एक जनसभा करके कन्हैया लाल के पक्ष में वोट अपील करने पहुंचे थे। दो प्रांत प्रमुख के बाद अब खुद देश के मुखिया नरेंद्र मोदी 12 अप्रैल को दौसा में रोड शो करने आ रहे हैं। वैसे तो दौसा लोकसभा सीट पर कांग्रेस के कई दिग्गज और भाजपा के कई दिग्गज चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री के इस हॉट सीट पर आने और रोड शो करने के बाद ये सीट प्रतिष्ठा की सीट बन जाएगी। प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर एक तरफ प्रशासन मुस्तैदी से काम करता नजर आ रहा है।

पीएम मोदी के रोड शो को लेकर लेकर भाजपा पदाधिकारी भी सतर्क हैं।

**प्रतियोगिता** भाजपा ने इसे सपा का ढोंग मानते हुए हिन्दुओं से डरने का आरोप लगाया है

## मुसलमानों को आरक्षण देने वाली सपा के घोषणा पत्र में जिक्र नहीं



**सियासी बिसात**

**8 2014 के बाद से ही समाजवादी पार्टी ने मुसलमान शब्द को अपने घोषणा पत्र से हटा दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी(सपा) ने चुनावी घोषणा पत्र गुरुवार को जारी किया, जिसमें रोटी का अधिकार, महंगाई से निजात, सामाजिक समरसता की बात तो की गयी है, लेकिन मुसलमानों का कहीं भी जिक्र नहीं है। इसे हिंदू ध्रुवीकरण को रोकने के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं भाजपा ने इसे सपा का ढोंग मानते हुए हिन्दुओं से डरने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि 2014 के बाद से ही समाजवादी पार्टी ने मुसलमान शब्द को अपने घोषणा पत्र से हटा दिया है। इससे पहले 2014 में समाजवादी पार्टी ने मुसलमानों को उनकी आबादी के अनुपात में नौकरियों में आरक्षण देने का वादा किया था। यही नहीं आतंकवाद के झूठे आरोपों में जेलों में बंद बेकसूर मुसलमानों को रिहा कराने का भी वादा किया गया था, लेकिन समाजवादी पार्टी के इस घोषणा के बावजूद भाजपा ने 71 सीटों पर कब्जा कर लिया और दो सीटें उसकी सहयोगी पार्टी अपना दल एस ने जीत लिया। इसके बाद से ही सपा ने मुसलमानों के लिए विशेष घोषणा करना बंद कर दिया। 2019 में भी समाजवादी पार्टी ने मुसलमानों के लिए कोई विशेष घोषणा नहीं की थी। उसका 2019 में बसपा के साथ गठबंधन था। इसके बावजूद 2019 में भी पांच सीटें ही जीत पायी। अब फिर 2024 के घोषणा पत्र में समाजवादी पार्टी ने चालाकी से मुसलमानों के लिए कोई विशेष घोषणा नहीं की है। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि अफजाल अंसारी को गाजीपुर से टिकट देकर अखिलेश यादव ने मुस्लिम वोट को अपनी तरफ आकर्षित करने की रणनीति है। कभी मुख्तार और अफजाल अंसारी को अपनी पार्टी में लेने के कारण ही अखिलेश यादव ने अपने चाचा शिवपाल यादव को पार्टी से निकाल दिया था। उसको मुसलमान कैसे भूल सकता है। अब मुख्तार अंसारी की मौत पर अखिलेश यादव घर जाकर सहानुभूति जता रहे हैं।